राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 48 अंक 246
जौनपुर, सोमवार
22 जून 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
41°C | 31°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
HUID BIS Hallmark Gold & IGI Certified Diamond Jewellery Showroom
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313

# तीन स्वदेश निर्मित नौसैनिक जहाज राष्ट्र को समर्पित

## पीएम मोदी बोले- युद्धपोत डूनागिरी, संशोधक और अग्रय भारत की बढ़ाएंगे रक्षा शक्ति

**कोलकाता, 21 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन स्वदेश निर्मित नौसैनिक जहाजों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें एक गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट डूनागिरी, दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रह और तीसरा सर्वे वेसेल लार्ज संशोधक है।

कमीशनिंग से पहले नौसेना ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डुनागिरी को एक शक्तिशाली और उन्नत युद्धपोत बताया। वीडियो में कहा गया, 'परिशुद्धता। शक्ति। चपलता। अत्याधुनिक हथियार और सेंसर सूट से भरपूर, लंबे समुद्री पैरों के लिए इंजीनियर, निरंतर संचालन और स्वदेशी स्टील्थ तकनीक से लैस दूनागिरी को बहु-आयामी प्रभुत्व और घातकता के लिए बनाया गया है। डूनागिरी: निर्णायक निडर प्रभुत्व।'



पीएम मोदी ने रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत के जोर को रेखांकित करते हुए कहा कि देश अब केवल एक खरीदार नहीं रह सकता है और इसकी सशस्त्र सेना दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती है। उन्होंने कहा, 'ये तीन जहाज भारत के तीन महत्वपूर्ण संकल्पों का भी प्रतीक हैं। इनका निर्माण भारत में हुआ, भारत में डिजाइन हुआ। ये भारतीय उद्योगों की प्रतिभा, भारतीय इंजीनियरों के कौशल और भारतीय श्रमिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम हैं और यही नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज दुनिया का अधिकांश व्यापार समुद्री मार्गों से ही होता है। दुनिया को जोड़ने वाले डेटा के विशाल नेटवर्क समुद्र के नीचे से ही गुजरते हैं जिस देश का समुद्री सामर्थ्य मजबूत होगा उस देश का आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना मजबूत होगा। भारत इस वास्तविकता को अच्छी तरह से समझता है। आज INS अग्रय, INS डूनागिरी और INS संशोधक इस यात्रा को नई गति दे रहे हैं। ये तीनों भारत के 3 महत्वपूर्ण संकल्पों के प्रतीक हैं। इनका निर्माण और डिजाइन भारत में ही हुआ है।'

**'सिर्फ खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता भारत':** प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'आज भारत रक्षा क्षेत्र में सिर्फ खरीददार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। हमारी ताकत की परिभाषा दुनिया का बाजार बनने में नहीं है। हमारी शक्ति की परिभाषा मेरी आत्मनिर्भरता में निहित है।'

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2026-27
Science, Commerce & Humanities
RNTSSS
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001
9580799739, 8400746241
diagnatoimaging@gmail.com
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com
❖ आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। ❖ सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!

# महोबा को सीएम योगी ने दी सौगात

## 697 करोड़ की 88 परियोजनाओं का किया लोकार्पण, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**महोबा, 21 जून।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने महोबा में रविवार को 697 करोड़ की 88 परियोजना का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने 12 वर्षों के बाद गोरखगिरि में जाकर भोलेनाथ के दर्शन किए।



सीएम ने कहा कि रोपवे यहां बनाने जा रहे हैं, एडवेंचर टूरिज्म के रूप में इसे विकसित करेंगे। महोबा महोत्सव में राष्ट्रीय से जिला स्तर तक प्रतियोगिता होंगी। आल्हा-ऊदल के शौर्य के प्रतीक अखाड़ों का निर्माण करेंगे। इसकी धरा के अनुरूप महोबा को उसकी पहचान देंगे।

सीएम ने कहा, यह ऊर्जा की धरती है। यहां के ग्रेनाइट पत्थर केवल घर-मकान नहीं, राष्ट्र निर्माण में योगदान देती है। वीरांगनाओं को पैदा करती है। आल्हा और ऊदल जैसे वीर मिले, गुरु गोरखनाथ ने तप किया, चंदेल राजाओं ने शौर्य गाथा आगे बढ़ाई। महोत्सव वाला महोबा अब देसावरी पान के लिए पहचाना जा रहा है। माटी का प्रभाव होता है, आज आप सबने अपने लिए तैयार किया है।

मुख्यमंत्री बोले, ये डबल इंजन की सरकार है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम ने भारत की विरासत को वैश्विक मान्यता दी। मुझे भी झांसी में रानी लक्ष्मीबाई किले से मुझे भी जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरे प्रदेश में आज आयोजन हुए। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क, स्वस्थ बुद्धि व आत्मा ही लोक कल्याण करती है।

सीएम ने कहा कि कबरई बांध के किसानों को वर्षों से लटका पैसा दिलाया। अन्नदाताओं का शोषण करेंगे तो कार्रवाई होगी। युवाओं के शोषण करने वाले की उल्टी गिनती तय। अब उत्तर प्रदेश अलग पहचान बना रहे। पहले माफिया हावी थे। उत्सव के पहले उपद्रव होता था। न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। ये सब जिले तब भी थे पर पहचान का संकट था। अब बीडा के रूप में बुंदेलखंड को औद्योगिक पहचान वैश्विक रूप पर देने जा रहे हैं।

**चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर में बदलाव लाएंगे:** महोबा में संभावनाओं को विकसित करना है। चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर में बदलाव लाएंगे। महोबा में मेडिकल कॉलेज बने। पर्यटन में प्रोफेशनलिज्म लाना होगा। डबल इंजन सरकार सुरक्षा पर काम कर रही है। इससे ही सुशासन व विकास होगा। महोबा बुलंदिया छुए। आल्हा-ऊदल की लोकगाथाओं को वैश्विक परंपरा में पहचान मिले। देसावरी पान आगे बढ़े। सरकार आपके साथ है। महोबा विकास व विरासत को आगे बढाएगा। जय श्री राम के साथ उन्होंने अपना संबोधन समाप्त किया।

# जलपाईगुड़ी में खड़े ट्रेलर से टकराई बस, दो की मौत

## हादसे में 50 से अधिक लोग घायल

**जलपाईगुड़ी, 21 जून।** मयनागुड़ी के उल्लाडाबरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम की एक बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिलीगुड़ी से कूचबिहार जा रही एनबीएसटीसी की बस उल्लाडाबरी में सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर का पिछला हिस्सा बस के अंदर घुस गया, जिससे कई यात्री बस के भीतर फंस गए। घायलों में 29 लोगों का इलाज जलपाईगुड़ी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चल रहा है, जबकि 16 घायल मयनागुड़ी ग्रामीण अस्पताल में भर्ती हैं। दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मयनागुड़ी थाना के प्रभारी (आईसी) सुबल चंद्र घोष ने बताया कि खड़े ट्रेलर से एनबीएसटीसी बस की टक्कर होने के कारण यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए घायलों को बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जलपाईगुड़ी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास एम.पी. ने दुर्घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी घायलों का उपचार जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा मयनागुड़ी ग्रामीण अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# नीट परीक्षा की वजह से एयरपोर्ट पर 45 मिनट तक इंतजार करते रहे पीएम मोदी

## ❖ परीक्षा शुरू होने के बाद ही एयरपोर्ट से निकले

**नई दिल्ली, 21 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग 45 मिनट तक इंतजार किया ताकि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक जाने में कोई परेशानी न हो।



आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री दोपहर करीब 1.15 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने तुरंत अपने आवास के लिए रवाना होने के बजाय एयरपोर्ट पर ही रुकने का फैसला किया, क्योंकि नीट परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होने वाली थी। अधिकारियों ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि उस अहम समय के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे, जब हजारों उम्मीदवार अपने-अपने परीक्षा केंद्रों तक यात्रा कर रहे थे।

प्रधानमंत्री के काफिले के आने-जाने के लिए अक्सर तय रास्तों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट के उपायों और कुछ समय के लिए रोक लगाने की जरूरत होती है। अपने निकलने में देरी करके प्रधानमंत्री ने ऐसी किसी भी रुकावट से बचने की कोशिश की जिससे परीक्षा देने जा रहे छात्रों पर असर पड़ सकता है। दोपहर 2 बजे नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी एयरपोर्ट से अपने घर के लिए निकले।

बता दें कि अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों के बीच पिछली परीक्षा रद होने के बाद अब देश भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा आयोजित की जा रही है। भारत में 5,440 और विदेशों में 14 केंद्रों पर 22 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों के शामिल होने के कारण एनटीए ने नीट-यूजी के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

# आयकर विभाग ने जौहर ट्रस्ट को भेजा नोटिस

## कम नहीं हो रहीं आजम खान की मुश्किलें

**रामपुर, 21 जून।** सपा नेता आजम खान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। उनकी जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन करने वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को अब आयकर विभाग की ओर से नोटिस भेजा गया है। नोटिस की इस कार्रवाई को भाजपा विधायक आकाश सक्सेना द्वारा पांच साल पहले की गई शिकायत से जोड़कर देखा जा रहा है।



भाजपा विधायक ने 16 मार्च 2021 को केंद्रीय गृहमंत्री के माध्यम से केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से जौहर ट्रस्ट की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सपा नेता ने लोगों को डरा धमकाकर अकूत संपत्ति हासिल की और उससे जौहर यूनिवर्सिटी बनाई। जौहर यूनिवर्सिटी दान करने वाले कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने 60 करोड़ रुपये तक का दान दिया, जबकि वे लोग आयकर नहीं भरते। उनका आरोप है कि तीन हजार करोड़ रुपये इस यूनिवर्सिटी में लगाए गए हैं।

भाजपा विधायक ने जौहर ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य आजम खान के परिवार के लोग हैं। ऐसे में उन पर भाई-भतीजावाद का भी आरोप लगाया गया। विधायक ने इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। इस शिकायत पर वित्त मंत्रालय के माध्यम से आयकर विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

अब इस मामले में आयकर विभाग लखनऊ की ओर से मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को नोटिस भेजा गया है। नोटिस पर सुनवाई 23 जून को सुबह 11.30 बजे निर्धारित की गई है। नोटिस में कहा गया है कि आजम खां स्वयं या किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित निवेदन या संबंधित मुद्दे के समर्थन में सहायक दस्तावेजों/जानकारी के साथ प्रस्तुत करें।

साथ ही कहा है कि यदि आप चाहते हैं कि यह कार्यवाही इस कार्यालय में निर्धारित तिथि तक या उससे पहले आपके द्वारा प्रस्तुत लिखित निवेदन/प्रतिनिधित्व के आधार पर संपन्न हो तो आपकी व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक नहीं है। आपके पास निर्धारित तिथि तक या उससे पहले ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से अपना लिखित निवेदन प्रस्तुत करने का विकल्प भी है।

# तमिलनाडु में सीफूड यूनिट में अमोनिया गैस रिसाव से 7 महिलाओं की मौत, 67 अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई, 21 जून।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में स्थित सीफूड प्रोसेसिंग यूनिट में अमोनिया गैस लीक हो गई। इस दर्दनाक घटना में 7 महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, कम से कम 67 श्रमिकों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है और इनमें से करीब 7 लोगों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। यह हादसा पेरियापालयम के निकट कन्निगापैर गांव में स्थित सेंट पीटर्स एंड पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स फैक्ट्री में हुआ। गैस रिसाव के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरातफरी मच गई और प्रभावित कर्मचारियों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया।



तिरुवल्लूर जिला कलेक्टर एस कविता ने कहा कि कुल 67 प्रभावित श्रमिकों को तुरंत स्थानीय चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया। उनके अनुसार, 46 का इलाज वेल्स अस्पताल में और 21 का वेंकटेश्वर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना पोरियापालयम के पास कनिगईपायर में स्थित 'सेंट पीटर्स एंड पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स' फैसिलिटी में हुई।

प्रभावित कर्मचारियों, जिनमें से ज्यादातर उत्तरी राज्यों से हैं। सभी को सांस लेने में तकलीफ हुई। जिन लोगों में चक्कर आने या उल्टी जैसे लक्षण दिखे, उन्हें भी इलाज के लिए भेजा गया है। तस्वीरों में कर्मचारियों को एम्बुलेंस में फैसिलिटी से बाहर ले जाते हुए देखा गया।

गवर्नर राजेंद्र अर्लेकर ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है। लोकभवन से जारी बयान में कहा गया है, 'तिरुवल्लूर जिले के पेरियापालयम के पास कनिगईपायर गांव में एक झींगा प्रोसेसिंग फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक की दुखद घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई और कई कर्मचारी घायल हो गए हैं।'

उन्होंने कहा, 'मैं उन पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें इस कठिन समय में हिम्मत और साहस मिले। मैं उन सभी लोगों के जल्द ठीक होने की भी कामना करता हूं जिनका इलाज चल रहा है।'

## मेरठ में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका

**मेरठ, 21 जून।** मेरठ-गढ़ रोड स्थित गांव मुरलीपुर में कैंडल बनाने की आड़ में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार को तेज धमाका होने से अफरातफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो बारूद और पटाखा-बम का जखीरा देख उनके होश उड़ गए। मुरलीपुर निवासी भूपेंद्र पुत्र विजेंद्र के एक मकान में वर्षों से अवैध पटाखा फैक्ट्री चल रही थी। किसी को शक न हो, इसलिए लोगों को कैंडल बनाए जाने को बात बताई गई थी। फैक्ट्री के गेट अधिकतर बंद रहते थे। फैक्ट्री में काम करने के लिए बाहर से महिलाओं को लाया गया था। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक भूपेंद्र और ठेकेदार अमित पुत्र जगपाल को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि पटाखा बम में आग लगाने से धमाका हुआ था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है।

माइण्ड केयर सेन्टर
Mind Care & E.E.G. Clinic माइण्ड केयर
डॉ० दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्रः- 9415203047, 9506699099
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
जौनपुर दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़ (दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे) सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक मो0-9415217568, 9415203047
भदोही भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक मो0-9621979101, 9415203047

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

◆ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : नियमित योग करने का दिलाया संकल्प

# जीवन का आधार है योग : महेन्द्र मौर्य

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** पतंजलि योग परिवार सोनभद्र ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य व दिव्य रूप से प्रोटोकॉल के तहत मनाया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्य व विशिष्ट अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा द्वारा शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मौर्य ने कहा कि योग जीवन का आधार है इसके बिना जीवन अधूरा है।

योग प्रारंभ होने से पूर्व पतंजलि योग परिवार द्वारा उपस्थित सभी योग प्रेमियों को पतंजलि योग कैप देकर सम्मानित किया गया। कुशल मार्गदर्शक रमेश राम पाठक, प्रमुख योग शिक्षक ओम प्रकाश यादव, सुनील कुमार श्रीवास्तव,संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव नारायण लाल श्रीवास्तव तथा पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी बहन पल्लवी जी,तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह तथा उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को कैप, अंग वस्त्र तथा पुस्तक भेट कर सम्मानित किया गया। प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा नियमित योग करने हेतु संकल्प दिलाया गया। पतंजलि परिवार की तरफ से सभी को पतंजलि बिस्किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक शेषमणी तिवारी, अमरेश चंद त्रिपाठी, चंद्र बहादुर सिंह, किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, एसपी मेहता,विनोद कुमार मिश्रा, धनंजय कुमार मिश्रा, उमेश तिवारी,गोविंद नारायण सिंह, नागेंद्र नाथ चौबे,राजू सोनी,पुरुषोत्तम प्रजापति, अशोक गुप्ता, रामसेवक पांडे, डॉक्टर मनोज चौधरी, रामबाबू, प्रेम प्रकाश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण पांडे, गोपाल दास केसरी, पुरुषोत्तम, सतीश, हेमेंद्र दुबे, चंद्रकांत मिश्रा, रवि पांडेय, मुनी महेश शुक्ला, सुरेंद्र तिवारी, अमित कुमार मिश्रा, विद्या सागर तिवारी, सुबोध कुमार मिश्रा, सागर, कमलेश प्रसाद कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, कमलेश कुमार पांडेय, विवेक कुमार पांडेय, हृदय नारायण पाठक समेत सभी कक्षाओं के योग साधकों के साथ काफी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रबि प्रकाश त्रिपाठी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ढेर सारी शुभकामनाओ के साथ नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया, तथा बतलाया कि जनपद सोनभद्र में योग प्रत्येक गांव के लगभग प्रत्येक घरों में पहुंच चुका है,जिसका सारा श्रेय सोनभद्र के सभी मीडिया भाइयों को जाता है।


योग दिवस पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण व अन्य

## कुख्यात दो गौ तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** लंबे समय से फरार रहे शातिर गौ तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने स्कार्पियों गाड़ी व मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज पुलिस टीम ने रविवार को पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित साक्ष्य संकलन व विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अजय बाबा उर्फ अजय कुमार चौबे पुत्र लल्लन चौबे निवासी तिवारी डेहरिया थाना मोहनिया जनपद कैमूर, बिहार व राजेश कुमार चौधरी पुत्र नरेन्द्र पासी निवासी रामपुर थाना रोहनिया जनपद कैमूर बिहार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार के दौरान मौके से स्कार्पियों वाहन व मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जिसमें इनके द्वारा गोवंशों को वाहनों में क्रूरतापूर्वक लादकर बिहार व अन्य प्रदेश ले जाते है। इस दौरान उक्त स्कार्पियों की मदद से आगे-आगे चलते है तथा निगरानी करते है कि कोई पुलिस चेकिंग या बैरियर तो नही है। इस प्रकार इनके द्वारा गोवशों से लदे वाहनों को पास कराया जाता है। पुलिस के मुताबिक इनके खिलाफ रायबरेली, कौशाम्बी, भदोही, मीरजापुर, वाराणसी तथा चंदौली में कई मुकदमें दर्ज हैं।



## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संयोजक बने विनोद कुमार मिश्र

**सोनभद्र।** रविवार को जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता निर्वतमान जिला अध्यक्ष परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव और मुख्य अतिथि प्रान्तीय/पर्यवेक्षक नागेश्वर सिंह, हौसला प्रसाद त्रिपाठी, रूपेश पांडेय, गजेंद्र सिंह, सुधाकर मिश्रा की उपस्थिति में सर्व सम्मति से जिला संयोजक के रूप में विनोद मिश्रा को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार हेतु नई जिम्मेदारी देकर एक नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने का दायित्व प्रदेश कार्य समिति द्वारा सौंप दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से विवेक मिश्रा, बीएन यादव, सेराज अहमद,रामनरेश शुक्ला, अर्पित दुवे, शाहनी, मुस्तकीम खान, रामकेश यादव, जयनाथ मौर्य, बद्री प्रसाद, अवधेश गुप्ता, रवि पांडेय, कृष्ण कुमार दूबे, अभय राज मिश्रा, अक्षय राज मिश्रा, उत्तम सिंह, अनुराग, वीरेश त्रिपाठी सहित सैकड़ों कलमकार उपस्थित रहे।

## योग भारतीय संस्कृति की है महत्वपूर्ण विधा : शिवमंगल बियार

**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को योग संजीवनी ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर के मर्यादपट्टी स्थित रामलीला मैदान में योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में योग साधकों ने प्रतिभाग कर खूब पसीना बहाया। योगाचार्य विजय श्रीवास्तव ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इस दौरान योग सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य शिवमंगल बियार व विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट संरक्षक एवं पूर्व विधायक रविंद्रनाथ त्रिपाठी, वरिष्ठ कालीन निर्यातक रुपेश बरनवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, अधिशासी अधिकारी दयाशंकर वर्मा, बाल कल्याण बोर्ड की सदस्य संगीता खन्ना, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप गुप्ता, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष प्रियंका जायसवाल व जिला मंत्री विनीत बरनवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि शिवमंगल बियार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विधा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के 50 से अधिक देशों तक पहुंचाया। आज दुनिया भारत की इस प्राचीन धरोहर को अपना रही है और लाभ ले रही है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित योगप्रेमियों को पौष्टिक सत्तू का शरबत पिलाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि वापस चंदौली के लिए प्रस्थान कर गए।

# पुलिस को मिली सफलता, हत्यारोपी गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**बीजपुर/सोनभद्र।** बीजपुर पुलिस ने एक महिला की गुमशुदगी और बाद में हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीजपुर पुलिस टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए सुरेश नामक युवक को हिरासत में लिया। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

मामला म्योरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छानी पाथर काचन निवासी विनोद कुमार गौड़ की पत्नी पार्वती देवी से संबंधित है। पार्वती देवी 10 मई, 2026 को म्योरपुर बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर उनका कोई पता नहीं चला। मृतका की सास ने बताया कि उन्होंने गांव के ही लाले पनिका और सुरेश को पार्वती देवी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जाते हुए देखा था। परिजनों की तहरीर पर 29 मई को म्योरपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसके बाद 30 मई को ग्रामीणों और परिजनों को सूचना मिली कि मोटकी मुकुट पहाड़ी, धरतीडाड़ के जंगलों में एक महिला का कंकाल पड़ा है। मौके पर पहुंचे पति और सास ने कंकाल के पास मिले कपड़ों और चप्पलों के आधार पर उसकी पहचान पार्वती देवी के रूप में की। शव के अवशेषों का पोस्टमार्टम बीएचयू वाराणसी में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के आधार पर 20 जून को बीजपुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार सुबह जरहा मंदिर मोड़ के पास से सुरेश पुत्र मानिकचंद्र (23 वर्ष), निवासी सिसवा झापर, थाना बभनी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर, आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक मटमैला-सफेद गमछा भी बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी भानुप्रताप यादव, आरक्षी राहुल गोड़ और आरक्षी साहिल श्रीवास्तव शामिल रहे।

## पुलिस ने टॉप टेन अपराधी राजू भारती को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बीजपुर/सोनभद्र।** बीजपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में वांछित और जिले के टॉप टेन अपराधी राजू भारती को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बीजपुर थाना क्षेत्र के डोड़हर गांव से सुबह करीब 8:20 बजे की गई।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। राजू भारती पर मुकदमा संख्या 5040/16 के तहत धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), क्षेत्राधिकारी दुद्धी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक दीना नाथ राम और कांस्टेबल हरिश्चंद्र की टीम ने डोड़हर गांव के पंचायत भवन से अभियुक्त राजू भारती (उम्र करीब 27 वर्ष, पुत्र कृष्णकान्ति भारती) को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी का कारण उसे मौके पर ही बताया गया।

## बच्चों में बढ़ रही पेट दर्द और बुखार की शिकायतें

**मीरजापुर।** भीषण गर्मी का असर अब छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में जन्म से लेकर तीन वर्ष तक के बच्चों में बुखार, पेट दर्द, दस्त और सर्दी-जुकाम की शिकायत लेकर अभिभावक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 50 बच्चों का उपचार किया जा रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कैलाश नाथ बिंद ने बताया कि नवजात शिशुओं को जन्म के बाद छह माह तक केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इस दौरान किसी भी प्रकार का बाहरी खाद्य पदार्थ या पेय देना उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का शरीर इस उम्र में काफी नाजुक होता है और मां का दूध ही उनके लिए सबसे सुरक्षित आहार है। सीएचसी अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों में दूषित पानी और असावधानी के कारण पेट संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

# नई डीजल नीति किसानों पर एक और आर्थिक हमला : अविनाश

### अब कोई भी किसान पारंपरिक ड्रम में नहीं ले सकता डीजल

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक / पूर्व जिलाध्यक्ष अविनाश कुशवाहा ने कहा भाजपा सरकार की नई नीति से किसानों की कमर टूट गई है। केंद्र सरकार द्वारा 11 जून 2026 को जारी की गई अधिसूचना के खिलाफ किसानों और आम जनता में भारी आक्रोश है। इस नीति के दूरगामी प्रभाव कृषि क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। आरोप है कि आपातकाल और सुरक्षा के नाम पर लाई गई यह योजना असल में आम गरीब किसानों को लूटकर चुनिंदा कंटेनर निर्माता कंपनियों की जेबें भरने के लिए बनायी गयी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार, अब कोई भी किसान अपनी खेती और पंपसेट की सिंचाई के लिए साधारण प्लास्टिक गैलन या पारंपरिक ड्रम में डीजल नहीं ले सकता। खुदरा पंपों से डीजल लेने के लिए सरकार ने विशेष प्रमाणित कंटेनरों को अनिवार्य कर दिया है।


अविनाश कुशवाहा

श्री कुशवाहा ने बताया कि भाजपा सरकार के इस फैसले से बाजार में रातों-रात इन खास प्रमाणित कंटेनरों की मांग कृत्रिम रूप से बढ़ा दी गई है। 200 लीटर तक के कंटेनरों की कीमत 10,000 रुपये से ज्यादा हैं जिससे कंटेनर कंपनियों को फायदा पहुँचाया जा रहा है। यह नीति पूरी तरह से गरीब विरोधी है। जो किसान पहले से ही कर्ज और लागत की मार झेल रहा है, उसे जबरन हजारों रुपये के नए कंटेनर खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। इसका सीधा वित्तीय लाभ केवल और केवल उन बड़ी कंपनियों को मिल रहा है जो इन प्रमाणित कंटेनरों का निर्माण करती हैं। धान की खेती के पीक सीजन पर यह तुगलकी फरमान ऐसे समय पर जारी किया गया है जब देश भर में किसान धान की खेती और सिंचाई की व्यवस्था में लगा हैं। पंपसेट चलाने के लिए डीजल की सख्त जरूरत है। इस पाबंदी के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पायेंगे।

श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की जल्दबाजी के कारण लोगों की गाड़ियों के इंजन समय से पहले ही दम तोड़ रहे हैं। एथेनॉल की कम गुणवत्ता के कारण गाड़ियों का माइलेज भी काफी घट गया है, जिससे उपभोक्ताओं का ईंधन खर्च बढ़ गया है। 1 लीटर एथेनॉल बनाने के लिए लगभग 3 किलो चावल और भारी मात्रा में जल खर्च होता है (1 किलो चावल के लिए 2,500 लीटर पानी खर्च होता है)। सरकार की इस अदूरदर्शी नीति से देश में गंभीर खाद्य और जल संकट पैदा होने का खतरा मंडरा रहा है। जिसकी समाजवादी पार्टी पूरजोर विरोध करती है। और समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि कंटेनर की अनिवार्यता तुरंत रद्द हो, किसानों को खेती और सिंचाई के उद्देश्य से डीजल ले जाने के लिए पारंपरिक बर्तनों और गैलन के इस्तेमाल की तुरंत छूट दी जाए। अविनाश कुशवाहा ने कहा कि कंटेनर कंपनियों के फायदे के खेल की जांच हो इस बात की जांच की जाए कि किसके दबाव में और किस कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए खेती के सीजन के ठीक बीच में यह नियम थोपा गया है।

### सड़क निर्माण के बाद उद्योगों को मिलेगी गति

# औद्योगिक विकास के लिए योगी सरकार कर रही प्रयास

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र जिले के पिछड़ापने की पहचान को खत्म कर विकसित व सुव्यवस्थित सोनभद्र बनाने के लिए योगी सरकार युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है। पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सरकार ने यहां निवेश अनुकूल माहौल बनाया जिसके बाद बड़ी कंपनियों ने निवेश कर बदलाव की नींव तो रख दी है। जनपद में विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। इसी कड़ी में उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए सरकार ने दूसरे जनपदों से जोड़ने वाली छह सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इन सड़कों के निर्माण में लगभग 257 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए जिले में लगभग 86 किमी. की छह सड़कों का निर्माण लगभग 257 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। सड़क निर्माण के संबंध में जल्द ही सर्वे व टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बताया कि इन सड़कों के बन जाने से चार राज्यों की सीमा से घिरे सोनभद्र की दूसरे जनपदों से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योगों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई का समय और लागत (लॉजिस्टिक्स कॉस्ट) कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़कों के निर्माण का लाभ उद्योगों के साथ-साथ आम-जनमानस को भी मिलेगा। अभी आवागमन में काफी समय लगता है लेकिन सड़क निर्माण के बाद मिनटों में यह सफर तय किया जा सकेगा साथ ही मार्ग में होने वली दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

**इन सड़कों का कराया जाएगा निर्माण**

जिलाधिकारी ने बताया कि छह सड़कों में सलैयाडीह से खरौंदी तक दो लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा, 15.84 किमी की इस सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 61.65 करोड़ रुपये है। इसी तरह बखिरवा से स्वागत गेट बीजपुर तक 20.17 किमी. दो लेन सड़क के निर्माण में 49 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। बताया कि ऑडी मोड़ अनपरा से शक्ति नगर तक 18.42 किमी की चार लेन सड़क के निर्माण



में 55.72 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऑडी मोड़ अनपरा से मध्य प्रदेश के मिर्चाधूरी रेलवे स्टेशन तक 12.15 किमी. डेढ़ लेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 24.70 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। जिलाधिकारी ने बताया कि नधिरा से बखिरवा तक 10 किमी. सड़क के निर्माण में 1.60 करोड़ रुपये व डिब्लूगंज से जोगेनदरा तक 10 किमी. सड़क निर्माण कराया जाएगा जिस पर लगभग 64.50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग

**शक्तिनगर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को परिसर स्थित अंबेडकर भवन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों शिक्षकों कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने योगाभ्यास किया। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक एवं योग गुरु संजीव कुमार ने योग के महत्व को बताते हुए विभिन्न प्रकार के योग आसन एवं प्राणायाम कराया। इस दौरान सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका आदि का योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जी सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 छोटे लाल प्रसाद ने कहा कि योग हमारे निरोगी जीवन का मूल आधार है, इसे अपनाकर हम तन और मन को स्वस्थ बना सकते हैं।

## अवैध खनन पर व असुरक्षित यातायात पर पुलिस सख्त, अभियान तेज

**भदोही।** जनपद में अवैध खनन व असुरक्षित यातायात पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने सख्त अभियान छेड़ दिया है। एसपी अभिनव त्यागी के निर्देश पर विगत तीन दिनों में विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी में अवैध खनन में लगे 2 ट्रैक्टर सहित मिट्टी लोडर (छिलनी मशीन), 2 डंपर व 18 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज किए गए। इस संबंध में थाना ज्ञानपुर में एक अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बिना नंबर वाले ट्रैक्टर-डंपर की अब खैर नहीं है। नाबालिगों द्वारा ट्रैक्टर संचालन पर पुलिस का रुख बेहद सख्त है। सुरक्षित यातायात हमारी प्राथमिकता है। जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए थानेदारों व चौकी प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। किसी भी शिकायत पर तत्काल जांच कर दोषी पाए जाने पर बिना संकोच कार्रवाई हो रही है, जिससे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण बना है।

## मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वाधान में प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन के नेतृत्व में रविवार को कचहरी परिसर में अधिकारियों व कर्मचारीयों ने हर्षोल्लास पूर्वक 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन को पतंजलि टी-शर्ट, पतंजलि कैप, पतंजलि अंग वस्त्र तथा स्वामी बाबा रामदेव द्वारा रचित योगाभ्यास पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात मंत्र उच्चारण के साथ प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।

सिविल जज सिनियर डिविजन डॉ रामेश्वर दयाल को तथा उपस्थित कर्मचारियों को पतंजलि कैप तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उच्च



न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुरोध कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे,दयानंद मौर्य ने बहुत सुंदर योगगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्याभूषण मिश्रा, महेंद्र कुमार, राजेश कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, अश्वनी, सुरेंद्र कुमार पाल, चंद्रसेन, शिशु कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में शांति पाठ के साथ योगाभ्यास संपन्न कराया गया।

## एनसीएल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साहपूर्वक आयोजित हुए योग कार्यक्रम

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर रविवार को 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों, परियोजनाओं एवं इकाइयों में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्यामधर दुबे, लाल पुष्पराज सिंह, अशोक पांडेय, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष , महाप्रबंधक तथा कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षाएं, सदस्याएँ सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार ने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए नियमित योग अपनाने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।



योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार ने स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

गौरतलब है कि 12वें योग दिवस पर विभिन्न परियोजनाओं में विशेष योग बूटकैम्प भी लगाए गए थे, जिनमें कर्मियों, उनके परिजनों एवं हितग्राहियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# लेखपालों को मिली बड़ी राहत, 31.81 लाख रुपये के भुगतान की मंजूरी

### आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों के कार्य हेतु लंबित भुगतान स्वीकृत

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की प्रिंटिंग एवं अन्य व्ययों के प्रतिपूर्ति भुगतान को लेकर लेखपालों को बड़ी राहत मिली है। विगत दो वर्षों से लंबित इस भुगतान के संबंध में लेखपाल संघ द्वारा जिलाधिकारी चर्चित गौड़ को ज्ञापन देकर शीघ्र भुगतान की मांग की गई थी।

जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित अभिलेखों एवं तहसीलों से प्राप्त विवरण का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत जनसेवा केंद्रों के द्वारा ई-डिलीवरी माध्यम से प्राप्त आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की प्रिंटिंग आदि पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु कुल 31,81,405 रुपये की धनराशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह धनराशि जनपद की विभिन्न तहसीलों के लेखपालों को डीईजीएस सोसाइटी मद से निर्धारित दर के अनुसार उपलब्ध कराई जाएगी।

जिलाधिकारी के इस निर्णय से लेखपालों में उत्साह का माहौल है। लेखपाल संघ ने इसके लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री गौड़ ने कहा कि शासन की योजनाओं एवं जनसेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में लेखपालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके वैध देयों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस निर्णय से लेखपालों को अपने दायित्वों के निर्वहन में और अधिक ऊर्जा एवं उत्साह प्राप्त होगा तथा आमजन को भी बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### पुलिस लाइन में डीआईजी संग आलाकमान अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

# नगर से लेकर गांव तक दिखी योग की धूम

**मीरजापुर।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर जिले में योग की धूम रही। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में योगासन संग योग के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पतंजलि युवा भारत की ओर से पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजित योग शिविर में मुख्य अतिथि डा वेदपति मिश्रा महानिदेशक उप्र पर्यटन, पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजर कौशिक संग आल्हा कमान के विभिन्न अधिकारियों व आरक्षियों को विंध्य योग सेवा धाम के संस्थापक योग गुरु योगी भोलानाथ ने योग के प्रोटोकॉल ग्रीवा संचालन स्कंध संचालन कटी चालन खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन अर्ध चक्रासन त्रिकोणासन बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन वक्रासन शशांकासन अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन पेट के बल लेटकर किए जाने वाले आसन में मकरासन भुजंगासन शलभासन।



पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन सेतुबंधासन उत्तानपादासन अर्ध हालाससन, पवनमुक्तासन, श्वास नियंत्रण प्राणायाम में कपालभाति नाड़ी शोधन अनुलोम-विलोम प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम ध्यान और शांति पाठ का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु ज्वाला सिंह एवं जिला योगासन खेल संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से देश भक्ति गीत उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती देश है पुकारता पुकारती मां भारती, रगों में तेरी बह रहा है, खून राम श्याम का। जगत गुरु गोविंद और राजपूत शान काशं, जोरदार अभ्यास कराते हुए लोगों के भीतर नवीन ऊर्जा का संचार किया। साथ ही साथ सभी लोगों को 365 दिन योग करने एवं कराने का संकल्प दिलाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर सीओ सिटी, आर आई के साथ-साथ करुणानिधि यादव, आरती, साहिल, कोमल अग्रहरि संग आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात:काल मुख्य अभियंता, मीरजापुर के आवासीय प्रांगण में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता एल.बी. सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त रहकर अपने कार्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है।

इस अवसर पर अवर अभियंता विनय वैश्य, प्रमोद कुमार, माधव द्विवेदी, जगजीवन राम एवं श्री शंभूनाथ सहित तकनीशियन दीपक कुमार गुप्ता तथा रामजनम यादव करुणानिधि यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# मैजिक के धक्के से महिला की मौत, पुत्र गंभीर


फाइल फोटो

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के देवकली बाजार में रविवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। विदित हो कि 42 वर्षीय सुचित्रा देवी अपने पुत्र अनुज के साथ सड़क किनारे बैठी थी।

इसी दौरान केराकत की ओर से तेज रफ्तार में आ रही मैजिक (ढाला गाड़ी) अनियंत्रित हो गई। वाहन पहले पीडब्ल्यूडी के संकेतक बोर्ड व पुलिस बूथ के साइन बोर्ड को तोड़ते हुए महिला व उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुन जब तक लोग मौके पर पहुंचे कि जब तक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### शव के पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

घटना के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। मृतका अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री छोड़ गई है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है। पति बबलू गोड़ मजदूर है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पति की तहरीर पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## अंकिता बनी बिहार में ग्रामीण विकास पदाधिकारी

**बरईपार।** शनिवार को बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित किया। क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी राजेश यादव की पुत्री अंकिता यादव ने 479 रैंक लाकर ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद चयनित हुईं। अंकिता बचपन से ही होनहार छात्रा थी। अंकिता की इस उपलब्धि से परिजन में खुशी का माहौल है।

## मारपीट में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**तेजीबाज़ार।** क्षेत्र के नेवढ़ियां गांव निवासी जयप्रताप तिवारी ने अपने विपक्षी तीन लोगों पर बीते पन्द्रह जून को मारने पीटने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेन्द्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर उक्त गांव के अवनीश तिवारी, आशीष तथा संतोष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित रहा निरंकारी मिशन का योग दिवस

**जौनपुर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय संयोजक श्याम लाल साहू ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा जौनपुर सहित जनपद के 43 शाखाओं में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। सतगुरु माता अक्सर अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन का उल्लेख करते हुए बताते है कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घआयु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला समेत युवक घायल

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के चौकियां नईबाजार चौराहे पर रविवार को उस समय सड़क हादसा हो गया जब युवक अपने चाचा के साथ मुंबई जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर था कि तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में महिला समेत युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू उर्फ पटिल कुमार पुत्र शिव प्रसाद 25 वर्ष निवासी चौकियां (रेवतीपुर) अपने चाचा रामप्रसाद पुत्र स्व. बिरजू के साथ मुंबई जाने के लिए नईबाजार चौराहे पर खड़े होकर वाहन की प्रतीक्षा कर रहा था। इसी दौरान अनिल प्रजापति 27 वर्ष निवासी सिरकोनी बीना प्रजापति पत्नी अनिल प्रजापति 24 वर्ष के साथ बाइक से आजमगढ़ अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था जैसे ही चौकियां नईबाजार पहुंचा कि बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े चाचा-भतीजे को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे जा गिरी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी बीना प्रजापति व वाहन की प्रतीक्षा कर रहे राजू उर्फ पटिल घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया,जहां उनका प्राथमिक इलाज कर घर छोड़ दिया गया। वहीं बाइक चालक अनिल प्रजापति और सड़क किनारे खड़े रामप्रसाद बाल-बाल बच गए।

## योग शिविर में दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**बक्शा।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बक्शा ब्लॉक परिसर में 12वें योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ आरडी संजय श्रीवास्तव ने की, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. नूपुर सोलंकी उपस्थित रहीं। योग प्रशिक्षण का संचालन योगाचार्य विवेक तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन एवं भजन प्रस्तुति केशरी प्रसाद द्वारा की गई। योगाचार्य विवेक तिवारी ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति स्वस्थ, निरोग एवं तनावमुक्त जीवन सकता है। अध्यक्षीय संबोधन में एडीओ आरडी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिविर में महेश तिवारी, शिवम यादव, शिवानी श्रीवास्तव, कमलेश खरवार, गौर गणेश, उमेश सोनकर, केशरी प्रसाद, रवींद्र प्रताप सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मचारी, अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**केराकत।** थाना अंतर्गत ग्राम थानागद्दी में पुरानी रंजिश और जमीनी विवाद को लेकर बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता पर जानलेवा हमका करने के मामले में रविवार को कोतवाली थाना पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। मंगलवार को अधिवक्ता मुकेश शुक्ला के बड़े पिता की तेरहवीं थी। वह सबेरे 9:30 बजे बाइक से कुछ सामान लेने केराकत जा रहे थे। रास्ते में मनबढ़ और आवारा बदमाशों ने न सिर्फ अधिवक्ता के साथ मारपीट और गाली-गलौज की, बल्कि उनकी मोटरसाइकिल भी तोड़ डाली थी। पीड़ित अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और कोतवाल से लिखित शिकायत की थी। थानागद्दी निवासी केराकत तहसील बार के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश कुमार शुक्ला तीन बार महामंत्री रह चुके हैं। अधिवक्ता के ऊपर हुए हमले से तहसील बार एसोसिएशन आक्रोशित हो गया था। अधिवक्ताओं ने इस मामले को लेकर गुरुवार को कोतवाली थाने का घेराव भी किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए केराकत कोतवाली पुलिस ने रविवार को आरोपी सुधीर मिश्रा, सुशील मिश्रा, शारदा मिश्रा और संजीव मिश्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीनियर में आस्था व जूनियर में दीपा अव्वल

**जौनपुर।** जीवन में सफल होने का सबसे आसान तरीका है कि निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। मन से हारने वाला कभी जीतता नहीं है। प्रतियोगिता से छात्रों का भविष्य निखरता है। उक्त बातें नगर के मियांपुर स्थित साइबर इंस्टिट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी पर रविवार को अचीवर 2026 पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे इनकम टैक्स विभाग के पर्सनल असिस्टेंट मो. आरिफ अंसारी ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता की भावना को जगाने की जरूरत है, फिर देखो सफलता कैसे नहीं मिलती है। संस्था के निदेशक राजीव पाठक ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्व. विनोद गुप्ता की याद में जौनपुर अचीवर-विनोद गुप्ता अचीवमेंट अवार्ड के नाम से आयोजित की गई है। उक्त अवसर पर सभी प्रतियोगियों को शील्ड तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुज पटेल, रीतू निषाद, काजल बिन्द, सपना, वंदना, शिवम समेत छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुज पटेल व धन्यवाद ज्ञापन राजीव पाठक ने दिया।

## युवक ने फांसी लगा कर दी जान

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भवरास गांव में रविवार की सुबह 7:00 बजे एक युवक ने दुकान में लगे पंखे की हुक में गमछा से फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में लगी रही। युवक की मौत पर परिजन में कोहराम मचा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी सूबेदार यादव 44 वर्ष की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रविवार की सुबह वह घर से दो सौ मीटर दूर स्थित प्राइमरी स्कूल के बगल में अपने किराना की दुकान पर पहुंचा। दुकान के अंदर पंखा लगाने के लिए हुक लगी हुई थी जिस पर गमछे से फांसी लगा लिया। किसी तरह घटना का पता परिजन को मिला तो परिजन भाग कर मौके पर पहुंचे तो युवक फांसी से लटकता हुआ दिखाई पड़ा जिसे तुरंत उतारा गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में लगी रही।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया सक्षम का स्थापना दिवस

**जौनपुर।** दिव्यांग समाज के सशक्तिकरण के लिए समर्पित राष्ट्रव्यापी संस्था सक्षम का स्थापना दिवस शनिवार को जनपद के बी.आर.पी. इंटर कॉलेज में अत्यंत गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं दिव्यांग भाइयों द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती, भारत माता, ऋषि अष्टावक्र और महाकवि सूरदास के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन


दिव्यांगों को सम्मानित करते डा. उत्तम कुमार गुप्ता।

**तुलसी का पौधा देकर अतिथियों का हुआ स्वागत**

मंच पर आसीन अतिथियों का परिचय कराने के उपरांत संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी विशिष्ट जनों को तुलसी का पौधा, महाकवि सूरदास का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बी.आर.पी. इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमान राजेश कुमार नायक, उत्तम कुमार गुप्ता, सक्षम के काशी प्रांत मंत्री घनश्याम पांडेय एवं वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ व जिला संघचालक डॉ. सुभाष सिंह एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के संपर्क प्रमुख मनोज उपस्थित रहे।

**सक्षम की परिकल्पना व विजन पर हुआ मंथन**

कार्यक्रम के दौरान उत्कर्ष ने सक्षम संस्था की मूल परिकल्पना को सामने रखा, वहीं डॉ. प्रमोद ने संस्था के भावी दृष्टिकोण (विजन) पर विस्तार से प्रकाश डाला। राहुल पाठक ने सुमधुर सक्षम गीत की प्रस्तुति देकर सभागार में ऊर्जा भर दी।

कार्यक्रम में संस्था का विस्तृत परिचय देते हुए सक्षम के काशी प्रांत मंत्री घनश्याम पांडे ने कहा कि संगठन पूरे देश में दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने सक्षम द्वारा संचालित दिव्यांग सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डालते हुए बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांग भाई-बहनों को न सिर्फ आवश्यक उपकरण, चिकित्सा और थेरेपी की सुविधाएं मिल रही हैं, बल्कि उन्हें विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है और स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के संपर्क प्रमुख मनोज का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने पाथेय में कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और उनकी क्षमताओं को सही दिशा देना ही सक्षम का मूल ध्येय है। इसके पश्चात अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. सुभाष सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

स्थापना दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा अत्यंत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर पूरा सदन भाव-विभोर हो उठा। इसके बाद राहुल पाठक द्वारा प्रस्तुत एक देशभक्ति गीत ने सभी को देशप्रेम के भाव से सराबोर कर दिया।

**संस्थाओं का हुआ सम्मान**

समारोह के अंतिम चरण में जिला अध्यक्ष डा. उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सचिव विक्रांत ने किया। अंत में भारत माता की आरती और सामूहिक जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिले के तमाम गणमान्य नागरिक और सक्षम परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग शिविर का हुआ आयोजन

**बक्शा।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बक्शा विकाश खण्ड के मां भवानी इंटर कालेज सुजियामऊ के प्रांगण में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास कर नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मल्हनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सतीश सिंह ने लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजन, भाजपा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक उपस्थिति रही। इस अवसर पर परशुरामपुर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने करे योग रहे निरोग का संदेश दिया। इस योग शिविर में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आसपास के युवा लोगों ने योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कर उनके गुर सीखे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**मछलीशहर।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार की देर शाम मछलीशहर विकास खंड क्षेत्र के जमालपुर गांव में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर का आयोजन खंड विकास अधिकारी अंजली भारतीय के नेतृत्व में किया गया। इसमें बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग समेत विकास खंड कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक के धक्के से अधेड़ जख्मी

**मुफ्तीगंज।** रविवार की शाम करीब साढ़े छ बजे मुफ्तीगंज बाजार स्थित स्टेट बैंक के पास सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ समेत बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, थाना गौराबादशाहपुर क्षेत्र के रामपुर बैरिया गांव निवासी हरिलाल यादव (55) सड़क सायकिल से पार कर रहे थे। इसी दौरान जफराबाद थाना क्षेत्र के इमलो गांव निवासी ऋतिक (18) की बाइक उनसे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुफ्तीगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हरिलाल यादव की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जबकि बाइक सवार ऋतिक को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

**मछलीशहर।** भारतीय जनता पार्टी मछलीशहर मंडल के कटाहितखास सेक्टर की बैठक रविवार को पहलवान साहब मंदिर परिसर में सेक्टर संयोजक दिनेश जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मंडल प्रभारी राजेश सिंह ने बूथ अध्यक्षों से प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख नियुक्त करने पर जोर देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं सेक्टर प्रभारी अभिषेक नारायण सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों से आगामी माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनने की अपील की। बैठक में मंडल महामंत्री जयानंद चौबे, उपाध्याय सुनील बिन्द, बूथ अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, सुरेन्द्र मौर्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक की चाची के निधन पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के भेला गांव निवासी स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज मड़ियाहूं के भौतिकी प्रवक्ता अजय सिंह तथा जनता इंटर कॉलेज खपरहां में कार्यरत गणित प्रवक्ता डॉ. मनोज सिंह की चाची एवं संदीप सिंह (लल्लन) की माता ललिता देवी (75) के निधन पर क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने रविवार को गहरा शोक व्यक्त किया। विधायक ने परिजन से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा तेरहवीं संस्कार में सम्मिलित होकर आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक रमेश सिंह भेला स्थित उनके आवास पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। परिजन के अनुसार, ललिता देवी पत्नी हनुमान सिंह का उपचार प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आने के बाद उन्हें एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**जौनपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for Healthy Ageing" अर्थात स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है। यह थीम जीवन के प्रत्येक चरण में योग के महत्व को रेखांकित करती है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित तथा भावनात्मक रूप से सशक्त बनाए रखने में सहायक होता है। योग बढ़ती आयु के साथ होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने, शरीर की लचीलापन एवं ऊर्जा बनाए रखने तथा जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. आरबी कमल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला तथा इससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इसके उपरांत उन्होंने मुख्य योग प्रशिक्षक राज यादव (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय), विनीत योगी (पतंजलि परिवार) एवं साक्षी सिंह को योग प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतु आमंत्रित किया।

प्रशिक्षण के दौरान सूर्य नमस्कार, ग्रीवा चालन, कटि चालन, स्कंध चालन, त्रिकोणासन, वज्रासन, चक्रासन, भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम-विलोम तथा कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा इनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय प्रशासन, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता से संपन्न हुआ।

## खेत में मिट्टी रखकर कब्जा करने का आरोप

**तेजीबाज़ार।** क्षेत्र के नेवढ़ियां गांव के नन्दलाल तिवारी ने अपने ही पड़ोस के तीन लोगों पर पन्द्रह जून को खेत में मिट्टी रखकर कब्जा करने व खड़ी फसल नुकसान करने तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेन्द्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर उक्त गांव के दुर्गेश तिवारी, हर्ष व जय प्रताप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## खेत की सिचाई करते समय हुई मारपीट

**तेजीबाज़ार।** क्षेत्र के रायपुर (बरईपार) निवासी चन्द्र प्रकाश मौर्या ने थाने पर लिखित तहरीर देते हुए अपने ही गांव के सात लोगों पर बीते सोलह जून को खेत की सिंचाई करते समय लाठी डंड से मारने पीटने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से मदद की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेन्द्र भाई पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर उक्त गांव के शिवकुमार सरोज, प्रिन्स, कृष्णकुमार, रोहित, अरूण, मनोज और मालती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही हैं!

## आर एन टैगोर स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन


योगाभ्यास करते डा. पीके सिंह समेत अन्य।

**जौनपुर।** रविवार को आरएन टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुक्खीपुर, बोदकरपुर में प्रातः सात बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पी. के. सिंह एवं संस्थापिका डॉ. शीला सिंह के करकमलों द्वारा दीपप्रज्वलन करके योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षित योगाचार्य अवधेश मिश्रा ने विश्व योगदिवस के प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया। इस पावन अवसर पर योगाभ्यास कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट योगाभ्यास के माध्यम से उपस्थित जनों के मन में योग के प्रति उत्साह भर दिया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पी. के. सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है।

संस्थापिका डॉ. शीला सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं की सराहना करते हुए विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की। प्रधानाचार्या प्रीति शिखा सिंह ने छात्र जीवन में योग के संदर्भ में बताते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# अस्पताल में मरीज की मौत पर परिजन का हंगामा

**जौनपुर।** शहरी इलाके के मोहल्ला नईगंज में स्थित एक हॉस्पिटल में मरीज की मौत होने पर परिजन ने अच्छा खासा हंगामा खड़ा करने के साथ चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन को समझा बुझाकर शांत कराया। यह घटना शनिवार रात्रि लगभग 9:00 बजे की है। रामपुर थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी गेना देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी अशोक कुमार सरोज को सीने में दर्द होने के कारण तीन दिन पूर्व उक्त हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार को जब उनकी मृत्यु हो गई। तब परिवार के लोगों ने हंगामा करते हुए वाराणसी लखनऊ मार्ग को जाम कर दिया। परिजन आरोप लगा रहे थे कि ट्यूलिप हॉस्पिटल में लापरवाही करने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड से पैसा लेने के अलावा अलग से भी उनसे नगद रुपया ले लिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही आईपीएस सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता, शहर कोतवाल अनीता सिंह व चौकी प्रभारी सराय पोख्ता राहुल रंजन भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने सबसे पहले पीड़ित पक्ष को समझा कर जाम खत्म कराया।

बाद में पीड़ित पक्ष बार-बार यह आरोप लगा रहा था कि इलाज का पूरा पैसा आयुष्मान कार्ड से लेने के बाद भी अलग से लगभग 40000 रुपया ले लिया गया है। क्षेत्राधिकार नगर ने काफी प्रयास के बाद मामले को शांत कराया बाद में परिजन द्वारा लाश को लेकर चले गए। इस संबंध में निजी अस्पताल संचालक से दूरभाष से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन बार-बार फोन करने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा। फिलहाल रविवार पूरा दिन या मामला चर्चा का विषय बना रहा की आजकल कुछ निजी चिकित्सक आयुष्मान कार्ड धारकों को अपना एटीएम कार्ड समझ लिए हैं। जिसमें यह यह चर्चा है कि आयुष्मान कार्ड से कहां मनमानी ढंग से इलाज का पैसा लिया जा रहा है वहीं मरीज के परिजन से भी अलग से रुपए की वसूली की जा रही है।

## कतर में सड़क दुर्घटना में जौनपुर के युवक की मौत

**जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के कबुलपुर गांव निवासी एक 37 वर्षीय युवक की कतर देश में रविवार की दोपहर को वाहन दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ऊक्त गांव निवासी स्वर्गीय शमीम खान के तीन पुत्रों में बड़ा पुत्र नसीम खान तथा फहीम खान कतर में रहकर वाहन चालक का काम करते है। छोटा वाला पुत्र कलीम खान सऊदी अरब में रहकर चालक का ही काम करते है। रविवार को नसीम खान तथा पांच बंगलादेशी युवक एक वाहन से अपने ड्यूटी पर जा रहे थे। वाहन को नसीम ही चला रहा था। रास्ते मे किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ऊक्त वाहन में सवार नसीम सहित सभी छह युवकों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी फहीम खान ने परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। पुत्री भाइयों में बड़ी है। उसकी उम्र मात्र सात वर्ष है। घटना के बाद पत्नी व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। नसीम सात माह पूर्व घर आया था।

## गर्म दाल गिरने से युवक झुलसा

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भुवालपट्टी गांव में तेरहवीं का खाना बनाते समय रखी गरम दाल के ऊपर चकराकर गिरा युवक झुलस गया। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि शहर कोतवाली क्षेत्र में तारापुर कॉलोनी मोहल्ला निवासी रमेश सोनकर उम्र लगभग 39 वर्ष पुत्र लवटू सोनकर शनिवार तीसरे पर भुवाल पट्टी गांव में तरहवीं का खाना बनाने के दौरान गरम दाल पका कर रखे थे। उसी दाल पर गिर पड़े। नतीजतन वह गंभीर रूप से झुलस गए स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाया।

## जन सेवा केन्द्रों पर उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 पर जनपद के 100 से ऊपर जन सेवा केन्द्रों पर उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सीएससी जिलाप्रबंधक अनुराग सिंह ने बताया कि योग दिवस-2026 के अवसर पर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के तत्वावधान में जौनपुर के विभिन्न जन सेवा केन्द्रों पर योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 07:00 बजे जन सेवा केन्द्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण से हुआ। उपस्थित सभी नागरिकों एवं अतिथियों ने प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी संबोधन एवं योग कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन किया। इसके उपरांत भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित योग करने का संकल्प लिया। जनपद में कुल 100 जन सेवा केन्द्रों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 1500 नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद के सभी वीएलई ने सक्रिय भूमिका निभाई तथा स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अनुराग सिंह बताया कि जन सेवा केन्द्र केवल डिजिटल सेवाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याणकारी अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# समाजसेवी पं. राजबली शुक्ल की श्रद्धापूर्वक मनाई गई चौथी पुण्यतिथि


राजबली शुक्ल के चित्र के समक्ष श्रद्धा-सुमन अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** भंडारी स्टेशन प्लेटफार्म स्थित प्राचीन शिव मंदिर जहां शनिवार को भगवान शनि एवं बजरंग बली हनुमान जी के दर्शनार्थ श्रद्धालुजनों की अपार भीड़ रहती है। वहीं बटबृक्ष के नीचे राजा श्रीकृष्ण दत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला ने सपरिवार उपस्थिति होकर समाजसेवी पं राजबली शुक्ल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाया। जिसमें प्रधान पुजारी, अपने परिवार से दूर रहकर संत महात्मा का जीवन रहे शिवभक्तों सहित 21 श्रद्धालुओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं की उपस्थिति ने गीत संगीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीयजनों ने प्रसाद वितरण में काफी बढ़ चढ़कर सहयोग किया। ज्ञात हो कि प्राचार्य के पिताश्री पं राजबली शुक्ल ने 20 जून 2022 को षष्ठी तिथि को काशी के गोदौलिया क्षेत्र में अंतिम सांस ली थी। वे मूलतः बिहार के सासाराम रोहतास जिला में शुक्लपुरा गांव के निवासी थे। अपने पीछे पांच पुत्रों, एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए है। इनके बड़े पुत्र प्रोफेसर शुक्ला ने प्रथम पुण्यतिथि पर के चौराहों पर तपती धूप में यातायात को संचालित कर रहे वर्दीधारी होमगार्ड्स के जवानों को, द्वितीय पूण्यतिथि पर पालिटेक्निक स्थित गौशाला पर 21 गौसेवकों को। तथा तृतीय पुण्यतिथि पर नगरपालिका की 21 महिला सफाईकर्मियों को सम्मानित कर अनोखा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इस संदर्भ में बात करने पर पूर्व प्राचार्य प्रो शुक्ला का कहना है कि पूज्य पिता सरलता, सादगी के साथ साथ आध्यात्मिक रूचि एवं राष्ट्र निर्माण में श्रमजीवी वर्ग की भूमिका को ज्यादा महत्व देते थे। वे विआईपी कल्चर को राष्ट्रीय विकास में बाधक मानते थे। यही कारण है कि मैं आध्यात्मिक एवं श्रमजीवियों को सम्मानित कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का प्रयास कर रहा हूं। जिसमें शासन प्रशासन सहित सुद्धिजनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पुजारी, संत, भक्तवृद, सहायता ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष गुप्ता, संजय अस्थाना, सुनील मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, विद्याधर विद्यार्थी, स्नेहलता शुक्ला, मानस राज शुक्ला, गौरव सिंह सहित पत्रकारों, स्थानीय महिलाओं, गणमान्यजनों की उपस्थिति एवं सहयोग के लिए प्रो (डॉ.) अखिलेश्वर शुक्ला ने ह्रदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

तरुणमित्र
सोमवार, 22 जून 2026
संवत- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 08

# ईरान को हल्के में लेने की भूल

विगत दिनों अमेरिका ईरान के बीच एक लंबा समझौता हुआ, समझौते में यह स्पष्ट हो गया था कि स्टेट ऑफ हारमोंस को ईरान द्वारा खोल दिया जाएगा किंतु फिर इजरायल द्वारा लेबनान में इस समझौता के बाद लगातार हमले किए गए जिससे लेबनान में फिर तबाही मच गई है और इस हमले के परिणाम स्वरूप ईरान ने स्टेट आफ हारमोंस को फिर बंद कर दिया है और यह भी शर्त रख दी है जब तक इसराइल लेबनान पर हमले करते रहेगा तब तक स्टेट ऑफ हारमोंस भी बंद रहेगा। ईरान लंबे समय से लेबनान के हिज़्बुल्लाह को अपना प्रमुख रणनीतिक सहयोगी मानता आया है। यह संबंध केवल वैचारिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव से भी जुड़ा है। यदि इज़राइल लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान चलाता है, तो तेहरान इसे अपने प्रभाव क्षेत्र पर सीधी चुनौती के रूप में देख सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान के लिए मौन रहना भी कठिन होगा और प्रत्यक्ष युद्ध में उतरना भी जोखिमपूर्ण। दूसरी ओर अमेरिका की स्थिति और भी जटिल है। वह इज़राइल की सुरक्षा का सबसे बड़ा समर्थक है, परंतु वह यह भी जानता है कि यदि संघर्ष ईरान तक फैलता है, तो पूरा मध्य-पूर्व एक ऐसे युद्ध में बदल सकता है जिसकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट, वैश्विक महँगाई और ऊर्जा असुरक्षा ये सभी संभावित परिणाम अमेरिका की रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा हैं। कूटनीति का सबसे कठिन क्षण वही होता है जब मित्र राष्ट्र युद्ध चाहते हों और राष्ट्रीय हित शांति की माँग कर रहे हों।

अमेरिका आज इसी द्वंद्व से गुजरता दिखाई देता है। एक ओर वह इज़राइल का विश्वास खोना नहीं चाहता, दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद के दरवाज़े भी पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। यही संतुलन आने वाले समय की सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा है। ईरान भी आज वैसा नहीं है जैसा चार दशक पहले था। आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। युवा पीढ़ी बेहतर जीवन, रोजगार और वैश्विक अवसरों की अपेक्षा रखती है। ऐसे में अमेरिका के साथ किसी संभावित समझौते का अर्थ केवल प्रतिबंधों में राहत नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन भी है। इसलिए तेहरान के लिए युद्ध और संवाद–दोनों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती है। इतिहास बताता है कि शांति और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं। शीत युद्ध के दौर में भी परमाणु प्रतिस्पर्धा के बीच हथियार नियंत्रण संधियाँ हुईं विश्व राजनीति का इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि युद्ध कभी केवल रणभूमि में नहीं लड़े जाते, वे सभ्यताओं की चेतना, अर्थव्यवस्थाओं की धड़कनों और कूटनीति की मेज़ों पर भी अपने गहरे निशान छोड़ जाते हैं। जब किसी सीमा पर पहला गोला दागा जाता है, उसी क्षण अनेक समझौतों की नींव भी हिलने लगती है। आज मध्य-पूर्व पुनः उसी मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से जमे अविश्वास को संवाद के माध्यम से कम करने की कोशिशें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल और लेबनान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव पूरे क्षेत्र को व्यापक युद्ध की ओर धकेलता प्रतीत हो रहा है। सवाल यह नहीं कि युद्ध होगा या नहीं वास्तविक प्रश्न यह है कि यदि युद्ध की आग और भड़कती है, तो क्या अमेरिका और ईरान के बीच बनती हुई कूटनीतिक संभावनाएँ उसी आग में भस्म हो जाएँगी? मध्य-पूर्व केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी है। विश्व की ऊर्जा आपूर्ति, सामरिक समुद्री मार्ग, धार्मिक आस्थाएँ और महाशक्तियों के रणनीतिक हित–सब यहाँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसीलिए यहाँ की हर सैन्य घटना का प्रभाव वाशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग, ब्रुसेल्स और नई दिल्ली तक महसूस किया जाता है। कई बार युद्ध ने वार्ता को जन्म दिया और कई बार वार्ता युद्ध को रोकने में असफल रही। इसलिए यह मान लेना कि इज़राइलक्ष्लेबनान संघर्ष शुरू होते ही अमेरिका-ईरान समझौता समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक यथार्थ का अत्यधिक सरलीकरण होगा। यह भी उतना ही सत्य है कि यदि संघर्ष सीमित न रहकर क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले लेता है, यदि हिज़्बुल्लाह, ईरान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से इसमें उतरती हैं, तो अमेरिका-ईरान संबंधों में अविश्वास की खाई और गहरी हो सकती है।

## ...आज का दिन...

**मेष**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी का एहसास, परिवार में शुभ कृत्य संपन्न, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, भोग-विलासिता में रुझान।

**वृषभ**- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, धन की प्राप्ति, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

**मिथुन**- आर्थिक हानि, समस्याओं से परेशानी, दूर या समीप की यात्रा में असुविधा, मित्रों से मनमुटाव, मानसिक कष्ट, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक।

**कर्क**- शारीरिक सुख की प्राप्ति, आहार-विहार में नवीनता, इच्छित पद की प्राप्ति में उपस्थित व्यवधान समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बुद्धि का विकास।

**सिंह**- मनोरथपूर्ण होने को, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अध्यात्म के प्रति आस्था, मंगल आयोजन सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

**कन्या**- बुद्धि चातुर्य से कार्यसिद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवाद का समापन।

**तुला**- समस्याओं से अशांति, परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, धन का अभाव, जरा-जरा सी बात पर क्रोध, मन दुविधामय, पठन-पाठन में अरुचि, अशांति भी।

**वृश्चिक**- योजना साकार होने की ओर, किसी के माध्यम से आर्थिक प्रगति, घरेलू वातावरण सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, इच्छित पद की प्राप्ति, आनन्द की अनुभूति।

**धनु**- कुछेक समस्याओं का समाधान, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, प्रसन्नता भी।

**मकर**- प्रियजनों से अनुकूल सहयोग, शारीरिक सुख की अनुभूति, सुपरिचितों से विचार-विनिमय, व्यापार में धन निवेश, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, अध्यात्म के प्रति आस्था।

**कुम्भ**- समस्याओं से उलझनें, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, प्रतिष्ठा में कमी, दाम्पत्य जीवन कष्टकर, धन लाभ में कमी, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

**मीन**- पराक्रम में वृद्धि, प्रगति के लिए प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, हर्षोल्लास का वातावरण, व्यापारिक क्षेत्र में पूर्ण सफलता, सुख-शांति।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

## न्याय से बड़ा कोई नहीं, सत्य से ऊंचा कोई नहीं: डॉ. विनय प्रकाश तिवारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** समाजसेवी एवं डैडीज़ इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने बिहार के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी नागरिक का दोषी या निर्दोष होना केवल न्यायालय तय कर सकता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच के आदेश यह दर्शाते हैं कि मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर अभी शेष है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने समाज से संयम बनाए रखने तथा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति, जाति या वर्ग के पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अंत में उन्होंने कहा कि "न्याय से बड़ा कोई नहीं, सत्य से ऊंचा कोई नहीं और संविधान से ऊपर कोई नहीं।"

# ईरान-अमेरिका इस्लामाबाद एमओयू समझौता "टायं-टायं फिस्स"?



वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया में शांति की जो किरण 17–18 जून 2026 को अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14- सूत्रीय "इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू)" के बाद दिखाई दी थी, वह महज कुछ दिनों में ही गंभीर परीक्षा के दौर में पहुंच गई है। 21 जून 2026 को शाम 4 बजे तक की स्थिति यह संकेत दे रही है कि जिस समझौते को क्षेत्रीय युद्ध विराम, होर्मुज जलडमरूमध्य के पुनः खुलने और 60 दिनों के भीतर व्यापक शांति समझौते की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा था, वह अब गहरे संकट में है।ईरान नेआरोप लगाया है कि अमेरिका और इज़राइल ने समझौते की मूल भावना तथा विशेष रूप से लेबनान मोर्चे पर युद्धविराम संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं किया। इसके जवाब में तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पुनः बंद करने की घोषणा कर दी है, जबकि अमेरिकी पक्ष का कहना है कि समुद्री यातायात अभी भी जारी है और बड़ी संख्या में व्यापारिक जहाज इस मार्ग से गुजर रहे हैं।




मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इसी विरोधाभासी स्थिति ने वैश्विक ऊर्जा बाजार,वित्तीय बाजारों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। अब पूरी दुनियाँ की निगाहें 23 से 25 जून के बीच स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि यह समझौता बचाया जा सकता है या पश्चिम एशिया एक नए और अधिक गंभीर संकट की ओर बढ़ रहा है। साथियों, अमेरिका और ईरान के बीच जिस 14-सूत्रीय समझौते की घोषणा की गई थी, उसका मूल उद्देश्य केवल दोनों देशों के बीच तनाव कम करना नहीं था, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैले संघर्ष को नियंत्रित करना था। समझौते के प्रमुख बिंदुओं में सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाइयों का अंत, लेबनान में युद्धविराम, होर्मुज जलडमरूमध्य का पुनः खुलना, ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंधों में राहत, परमाणु कार्यक्रम पर आगे की वार्ता तथा 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने का रोडमैप शामिल था। समझौते को अंतरिम ढांचा माना गया था, न कि अंतिम शांति संधि। इसी कारण इसकी सफलता इस बात पर निर्भर थी कि संबंधित पक्ष जमीन पर हिंसा रोकने में कितने सफल रहते हैं।

लेकिन समझौते के लागू होने के तुरंत बाद लेबनान मोर्चे पर तनाव फिर बढ़ गया। इज़राइल और हिजबुल्लाह के बीच नई झड़पों तथा इज़रायली सैन्य अभियानों ने तेहरान को यह कहने का अवसर दिया कि समझौते की पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त का उल्लंघन हो चुका है। ईरान का तर्क है कि यदि युद्धविराम स्थायी और व्यापक होना था, तो अमेरिका को अपने सहयोगी इज़राइल को रोकना चाहिए था। तेहरान के अनुसार ऐसा नहीं हुआ और परिणाम स्वरूप समझौते की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया।

साथियों, इसी पृष्ठभूमि में ईरान ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। ईरानी सैन्य प्रतिष्ठान और संबंधित अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक समझौते की शर्तों का वास्तविक अनुपालन नहीं होता, तब तक ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य नहीं होने दिया जाएगा। ईरान का कहना है कि दक्षिणी लेबनान से इज़रायली सैन्य गतिविधियां समाप्त होनी चाहिए, अमेरिकी नौसैनिक दबाव पूरी तरह हटना चाहिए और क्षेत्र में सैन्य तनाव कम होना चाहिए। अन्यथा होर्मुज का प्रश्न केवल समुद्री मार्ग का नहीं बल्कि व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का विषय रहेगा। हालांकि अमेरिकी पक्ष इस दावे से पूरी तरह सहमत नहीं है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने कहा है कि जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही जारी है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार 55 से अधिक व्यापारिक जहाज हाल ही में इस मार्ग से गुजरे और उन्होंने 17 मिलियन बैरल से अधिक तेल तथा अन्य माल का परिवहन किया वाशिंगटन का तर्क है कि ईरान की घोषणाएं और वास्तविक समुद्री स्थिति में अंतर हो सकता है। यही कारण है कि अमेरिका इस संकट को वार्ता के माध्यम से हल करने की सटीकता से कोशिश कर रहा है।

साथियों, यह विवाद केवलद्द क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की धुरी माना जाता है। विश्व के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, इराक और कतर जैसे ऊर्जाह्य उत्पादक देशों का निर्यात बड़े पैमाने पर इसी मार्ग पर निर्भर है। इसलिए जब भी होर्मुज के बंद होने की खबर आती है, वैश्विक बाजारों में तुरंत चिंता बढ़ जाती है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थितिह्य लंबी चली तो कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र उछाल आ सकता है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही महामारी, यूक्रेन संघर्ष और आपूर्ति श्रृंखला संकटों से जूझ चुकी है। ऐसे में होर्मुज में व्यवधान ऊर्जा लागत बढ़ाकर मुद्रास्फीति को फिर से भड़का सकता है। एशिया के बड़े आयातक देशों–भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

साथियों, भारत के लिए यहद्द संकट विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और खाड़ी क्षेत्र उसका प्रमुख स्रोत है। यदि होर्मुज में वास्तविक अवरोध उत्पन्न होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, उर्वरकों और परिवहन लागत पर पड़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने की आशंका रहेगी और आर्थिक विकास की गति पर भी दबाव पड़ सकता है। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बढ़ाने और आयात स्रोतों में विविधता लाने के प्रयास किए हैं, फिर भी होर्मुज का महत्व कम नहीं हुआ है।वित्तीय बाजार भी इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। यदि सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो शेयर बाजारों में अस्थिरता देखी जा सकती है। ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में तेजी आ सकती है जबकि विमानन, परिवहन और ऊर्जा-गहन उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है। निवेशक आमतौर पर ऐसे समय में सोना, अमेरिकी डॉलर और सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर रुख करते हैं। इसलिए यह संकट केवल भू-राजनीतिक नहीं बल्कि वित्तीय और आर्थिक चुनौती भी बन चुका है।

साथियों दिलचस्प बात यह है कि इसी दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज संकट की बजाय जहाजों पर संभावित टोल टैक्स लगाने की चर्चा करके राजनीतिक बहस को नया मोड़ दे दिया। ट्रंप का तर्क है कि क्षेत्रीय संघर्षों से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए ऐसे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है।हालांकि आलोचकों का कहना है कि वर्तमान संकट का मुख्य प्रश्न जलमार्ग की सुरक्षा और शांति समझौते का भविष्य है, न कि टोल वसूली।अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या अमेरिका-ईरान समझौता वास्तव में टूट चुका है? उपलब्ध संकेत बताते हैं कि स्थिति गंभीर अवश्य है, लेकिन समझौता औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है। दोनों पक्ष अभी भी स्विट्जरलैंड में वार्ता के लिए तैयार हैं और मध्यस्थ देशों–विशेषकर कतर तथा पाकिस्तान की भूमिका जारी है। इसलिए इसे पूर्ण विफलता कहना जल्दबाजी होगी। बल्कि यह कहना अधिक उचित होगा कि समझौता अपने पहले बड़े परीक्षण से सटिकता से गुजर रहा है।

साथियों, 23–25 जून 2026 की वार्ता इसलिए निर्णायक मानी जा रही है क्योंकि वहीं यह स्पष्ट होगा कि क्या लेबनान मोर्चे पर निगरानी तंत्र बनाया जा सकता है, क्या होर्मुज को स्थायी रूप से खुला रखा जा सकता है, क्या प्रतिबंधों में राहत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और क्या 60-दिवसीय शांति प्रक्रिया को बचाया जा सकेगा। यदि वार्ता सफल रहती है तो यह पश्चिम एशिया में स्थिरता की दिशा में बड़ा कदम होगी। लेकिन यदि वार्ता विफल हुई तो तेल बाजारों, वैश्विक व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए नए संकट का दौर शुरू हो सकता है।

अतः अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 21 जून 2026 तक का निष्कर्ष यही है कि "इस्लामाबाद एमओयू" अभी औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो चुके हैं। होर्मुज का पुनः बंद होना, लेबनान में जारी संघर्ष, अमेरिका और ईरान के परस्पर आरोप तथा ऊर्जा बाजारों में बढ़ती बेचैनी यह दर्शाती है कि पश्चिम एशिया की शांति अभी भी बेहद नाजुक अवस्था में है।

आने वाले कुछ दिन तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में शांति की शुरुआत के रूप में दर्ज होगा या फिर एक ऐसे असफल प्रयास के रूप में, जो केवल कुछ दिनों की उम्मीद देकर वैश्विक संकट की नई कहानी लिख गया।

-संकलनकर्ता लेखक- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र
9226229318



## महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में गूंजा योग का संदेश, कैबिनेट मंत्री संग हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन, प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन देखा गया, योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज परिसर में श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में भव्य योग शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर शामिल हुए और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री ने "Yoga for Healthy Ageing" थीम पर योग को स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और शांति का संदेश दे रही है। योग शिविर में प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद साधना सिंह, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल, मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साई, एडीएम राजेश कुमार, सीएमओ डॉ. अभितोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य जागरूकता संदेश एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जनपद न्यायालय चंदौली से जिला कारागार वाराणसी तक गूंजा योग का संदेश, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ व्यापक आयोजन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायालय चंदौली, जिला कारागार वाराणसी तथा जनपद की सभी तहसीलों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्री अशोक कुमार ङ्गद्ध की अध्यक्षता में हुआ।

अपने संबोधन में उन्होंने योग को स्वस्थ, निरोग एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित प्राणायाम और योगाभ्यास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। जिला कारागार वाराणसी में भी बंदियों एवं जेल स्टाफ ने योग किया तथा योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। वहीं जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित योग शिविरों में पराविधिक स्वयंसेवकों ने आमजन को योग के प्रति जागरूक किया। यह जानकारी पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली श्रीमती निकिता गौड़ ने दी।

## चंदौली में कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न हुई नीट परीक्षा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) जनपद चंदौली में रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में सकुशल संपन्न हो गई। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के कुशल निर्देशन में आयोजित परीक्षा के दौरान सुरक्षा, गोपनीयता और शुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे।

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा गठित उड़नदस्तों एवं अधिकारियों की टीम लगातार विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करती रही, जिससे पूरी प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी बनी रही। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 1900 अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु आवंटित किया गया था, जिनमें से 1784 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 116 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। प्रशासन की सतर्कता और प्रभावी प्रबंधन के चलते NEET परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चकिया में हुआ भव्य योगाभ्यास, योग गुरु विनय राय ने कराया योग प्रशिक्षण

### विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह व चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव रहे मौजूद

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा चकिया मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता 'आशु' के नेतृत्व में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश आचार्य तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में योग गुरु विनय राय एवं प्रदीप जी ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है।

कार्यक्रम के उपरांत चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने गांधीनगर पौधशाला का निरीक्षण कर पौधों की गुणवत्ता और रखरखाव की जानकारी ली तथा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

## काली मंदिर से तालाब तक चला प्रशासन का डंडा, चकिया में फिर गूंजा 'एक्शन तहसीलदार' का नाम

### मां काली मंदिर की सरकारी भूमि पर अवैध दावे खारिज, तालाब-भीटा संरक्षण का रास्ता साफ 7 गांव-गांव अतिक्रमण हटाकर जनहित कार्यों को दी नई रफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** चकिया तहसील में इन दिनों प्रशासनिक सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। मां काली मंदिर एवं ऐतिहासिक तालाब की सरकारी भूमि पर किए गए निजी स्वामित्व के दावों को कानूनी रूप से खारिज करते हुए तहसील प्रशासन ने सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।



तहसीलदार देवेंद्र कुमार की विस्तृत रिपोर्ट में तालाब, भीटा एवं मंदिर परिसर की भूमि को सरकारी एवं सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति बताते हुए विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। नगर पंचायत की वंदन योजना के अंतर्गत अब मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, तालाब संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर नीबी कला, भूसी, बलिया कला, इलिया और ददरा समेत कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने, तालाब बचाने, नालियां खुलवाने और सार्वजनिक रास्तों को बहाल कराने की कार्रवाई ने प्रशासन की कार्यशैली को नई पहचान दी है। हाल ही में ददरा गांव में 50 परिवारों के लिए बंद रास्ता खुलवाने के दौरान तहसीलदार स्वयं फावड़ा लेकर मैदान में उतर गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों बाद चकिया में ऐसा प्रशासन दिखाई दे रहा है जो फाइलों से निकलकर सीधे जनता के बीच पहुंच रहा है। यही कारण है कि पूरे क्षेत्र में एक ही चर्चा है-"क्या चकिया में फिर लौट आया है एक्शन प्रशासन का दौर?"।

## 81 साल बाद मंदिर की 60 बीघा भूमि पर ऐतिहासिक फैसला, फर्जी वरासत रद्द

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया/शहाबगंज (चंदौली)।** कटवा माफी गांव स्थित श्रीरामचन्द्र मंदिर एवं विष्णु मंदिर की लगभग 60 बीघा दानशुदा भूमि को लेकर 81 वर्षों से चले आ रहे विवाद में नायब तहसीलदार शहाबगंज आरिफ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने फर्जी तरीके से दर्ज की गई वरासत को निरस्त करते हुए भूमि को पुनः मंदिर के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 1945 में दानदाता रामस्वरूप सिंह ने अराजी संख्या 39, 50, 52, 62, 75 एवं 77 की भूमि मंदिर के संचालन, पूजा-पाठ एवं धार्मिक कार्यों के लिए दान की थी। बाद में उक्त भूमि पर कई लोगों के नाम वरासत में दर्ज हो गए थे, जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दानपत्र, खतौनी और अन्य राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करते हुए एक दर्जन से अधिक आदेशों को निरस्त कर दिया। फैसले के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का मानना है कि अब मंदिर की भूमि सुरक्षित होगी तथा धार्मिक और जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। राजस्व विभाग द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू किए जाने की संभावना है।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में हुआ योगाभ्यास



- भव्य सामूहिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया
- योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएंः एके शर्मा

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जनपद मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस पर प्रसारित संबोधन को सुना।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन, मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, जनपद स्तरीय अधिकारीगण, तहसील एवं विकास खंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक योग क्रिया को दोहराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एके शर्मा ने योग को भारत की विश्व को दी गई अमूल्य एवं अद्वितीय धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप योग को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान एवं सम्मान प्राप्त हुआ है। आज विश्व के अनेक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि एवं शरीर के समन्वय का सशक्त माध्यम है। महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग तथा श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित "योगः कर्मसु कौशलम्" का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि योग का वास्तविक अर्थ अपने कर्तव्यों एवं दैनिक कार्यों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं दक्षता के साथ संपन्न करना है। श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आध्यात्मिक उन्नति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है।

कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सीडीओ ने आयोजित जन चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं

- गर्भवती महिलाओं को फलों से सजी उपहार से की गोदभराई
- निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण



जन चौपाल में बच्चे को अन्न प्रासान्न करते सीडीओ विवेक कुमार श्रीवास्तव।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा विकास खण्ड घोसी की ग्राम पंचायत धरौली में महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करने के उपरांत जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जन चौपाल के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड घोसी के पिउवा ताल में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत धरौली में निर्माणाधीन नवीन जयप्रकाश नारायण सर्वोदय राजकीय विद्यालय का तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं परियोजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर उनके शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि शिक्षा संबंधी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में गुणवत्ता एवं समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

जन चौपाल एवं निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पथराव व सड़क जाम करने वाले 23 अभियुक्त गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी घोसी जितेन्द्र सिंह के कुशल पर्वेक्षण-नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पथराव व सडक जाम करने वाले 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गत दिवस शनिवार को ग्राम पिढ़वल के पास गोरखपुर वाराणसी हाइवे पर जाम लगाकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था विगाड़ने वालों के विरूद्ध मु.अ.सं.-253/2026 धारा 190, 191(2), 191(3), 109, 117(2), 131, 121(2), 125, 126 (2), 189(2), 115(2), 352, 351(2), 324(4) बी.एन.एस. व 7 सीएलए एक्ट थाना घोसी पर अभियोग पंजीकृत कर सम्बन्धित 23 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में एसपी की उपस्थिति में शिविर आयोजित

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन परिसर में प्रातः पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान पतंजलि योग समिति व युवा भारत परिवार के योग प्रशिक्षक टीम द्वारा अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकाल का पालन कराते हुए पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, निरोग, तनावमुक्त एवं प्रसन्नचित रहने हेतु विभिन्न तरह के आसन-व्यायाम कराते हुए योग करने के लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है तथा तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी मधुबन दिनेश दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी लाइन सोम प्रकाश वर्मा सहित, प्रतिसार निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, पतंजली परिवार की ओर से धर्मेन्द्र योगी, बलवन्त कुमार, श्वेता पांडे, ममता यादव एवं भारी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

साथ ही साथ जनपद के समस्त थानों पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# संक्षिप्त सामाचार

## अंतर्राष्टीय योग दिवस पर साईं एवं इंदु प्रकाश शिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ शिविर

*तरुणमित्र न्यूज*

*मऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बलिया मोड़ सिकटिया स्थित साईं कॉलेज ऑफ फार्मेसी, साईं इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, इंदु प्रकाश फार्मेसी कॉलेज, तथा इंदु प्रकाश पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में विशाल योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में संस्थानों के प्राचार्यों एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सभी उपस्थित लोगों ने योग दिवस की शपथ ली तथा योग के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया।*

*इसके पश्चात प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जीवनशैली, बढ़ते तनाव, अनियमित खान-पान तथा तकनीकी उपकर.ाों के अत्यधिक उपयोग के कारण अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याए, उत्पन्न हो रही हैं। योग इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने का सबसे सरल, प्रभावी एवं प्राकृतिक माध्यम है। नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाता है बल्कि मन को एकाग्र, शांत एवं सकारात्मक बना, रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थानों के प्राचार्यों ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने योग के माध्यम से पूरे विश्व को स्वास्थ्य एवं मानव कल्याण का एक अनमोल संदेश दिया है। आज विश्व के अनेक देशों में योग को अपनाया जा रहा है और लोग इसके लाभों को अनुभव कर रहे हैं। योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक उत्कृष्ट पद्धति है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास में सहायक होती है।*

## अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

*तरुणमित्र न्यूज*

*मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को विभिन्न थानों द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गयी। जहां अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।*

*जिसमें थाना रानीपुर पुलिस द्वारा पूर्वांचल एक्स प्रेसवे याकूबपुर शमसाबाद के पास से मु.अ.सं. 077/26 धारा 87, 137(2), बी.एन.एस. में वांछित 21 वर्षीय अभियुक्त रोशन राजभर पुत्र रामसरन राजभर निवासी पलिया थाना रानीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। वहीं थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा वारण्टी मनोज पुत्र रामवृक्ष निवासी कमालचक थाना चिरैयाकोट को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।*

# 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मधुबन तहसील क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मना

**तरुणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** मधुबन तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। तहसील परिसर, ब्लाक मुख्यालय, विद्यालयों सहित अनेकों स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ सहित अन्य कर्मचारियों योगाभ्यास कर लोगो से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील किया तो वहीं रहमानिया पीजी कालेज नेमडांड हिसामपुर में छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास में भाग लेकर समाज में हर वर्ग की सहभागिता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

ढिलई फिरोजपुर, उतराई, डुमरी, मर्यादपुर, गुरुम्हा, नेमडॉड आदि गांव के पंचायत भवनों पर ग्राम प्रधान एवं सचिवों द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडो ग्रामीणों ने भाग लेकर सचिव एवं प्रधान के साथ योगाभ्यास किया। सचिव धनंजय गौरव ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा की नियमित योग स्वास्थ्य और संतुलित जीवन की कुंजी है। तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि योग सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि स्वास्थ्य, संतुलित और साकारात्मक जीवन शैली का आधार है।

वक्ताओं ने लोगों से नियमित योग अपना कर निरोग जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## 400 पेटी अवैध नाजायज अंग्रेजी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध-अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक के पर्वेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मु.बाद गोहना के कुशल नेतृत्व में एक ट्रक में 400 पेटी अवैध नाजायज अंग्रेजी शराब सहित तस्कर को धर दबोचा गया। थाना मुहम्मदाबाद व आबकारी पुलिस द्वारा 25 वर्षीय अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र लच्चाराम निवासी खूदासा थाना सादर बाडमेर राजस्थान को सम्बन्धित मु.अ.सं.-197/2026 धारा 63४72 संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 (संशोधित) थाना मु.बाद गोहना के उम्मनपुर से गत दिवस शनिवार को शाम 4 बजे फुलवरिया व भातकोल के पास से गिरफ्तार किया गया।

# जिला गंगा समिति द्वारा खड़िया नाला क्षेत्र में किया भव्य योग दिवस का आयोजन

**पतंजलि तेरी खोज ने जीवन सजा दिया है, स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग सिखा दिया हैः मंजू चौहान**



कार्यक्रम में योगभास करते स्कूली छात्र।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला गंगा समिति द्वारा खड़िया नाला क्षेत्र स्थित रमाशंकर सिंह महाविद्यालय, मखना पिंडोहरी में एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन वातावरण में योग मंत्र एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की मंगलकामना के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक कन्हैयालाल बरनवाल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को क्रमबद्ध रूप से विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को योग अपनाने के लिए प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की महान परंपरा, नदियों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित जनसमूह को शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान लोकगीत गायिका श्रीमती मंजू चौहान ने अपने प्रेरणादायक गीत पतंजलि तेरी खोज ने जीवन सजा दिया है, स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग सिखा दिया है के माध्यम से योग के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

उनके गीत ने उपस्थित लोगों में उत्साह एवं जागरूकता का संचार किया तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र नाथ द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग मऊ की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा उपस्थित वृद्धजनों एवं विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हेमंत यादव, जिला परियोजना अधिकारी, द्वारा किया गया।

# पिढ़वल मोड़ पर बनेगा अंडरपास, ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सर्विस रोड का भी होगा विस्तारः एके शर्मा**

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** वाराणसी-गोरखपुर (एनएच-29) राष्ट्रीय राजमार्ग पर घोसी के समीप पिढ़वल मोड़ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने त्वरित पहल की है।

उनके प्रयासों के फलस्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की (एनएचएआई) ने इस स्थान पर स्थानीय लोगों तथा छोटे वाहनों के सुरक्षित आवागमन हेतु अंडरपास निर्माण की सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। उल्लेखनीय है कि पिढ़वल मोड़ पर हुई हालिया सड़क दुर्घटना में एक महिला की दुःखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही मंत्री एके शर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर इस स्थान पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं की गंभीरता से अवगत कराया तथा स्थायी समाधान की मांग की। श्री शर्मा ने अधिकारियों को बताया कि पिढ़वल मोड़ क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में चिंता व्याप्त है।

उन्होंने जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। मंत्री की पहल पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए एनएचएआई के अध्यक्ष ने पिढ़वल मोड़ पर अंडरपास निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है।

इसके साथ ही वहां की सर्विस रोड को भी आगे तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। श्री शर्मा ने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंडरपास एवं सर्विस रोड के निर्माण से इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा स्थानीय लोगों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों से लगातार समन्वय किया जा रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने जनहित के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई के लिए मंत्री एके शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वेलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्तियां भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर
मो.: 09838435680

रजि. नं. 49166 ( U.P. )
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराडिटस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टप)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉलपोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्शः प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग
की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
**फोनः-समाचार कक्ष**-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# करें योग, रहें निरोग

## शहीद पार्क में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते लोग

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** नगर शहीद पार्क में एसडीम डॉक्टर सस्ता तिवारी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष का योग दिवस स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर आधारित रहा। तहसील परिसर, अष्ट शहीद इंटर कॉलेज, कोतवाली और ब्लॉक कार्यालयों समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग सत्रों में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर निरोगी काया का संकल्प लिया। तहसील परिसर स्थित अष्ट शहीद सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ हर्षिता तिवारी ने योगाभ्यास किया। एसडीएम ने सभी से अपने जीवन में योग अपनाने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शरीर और मन को एक साथ जोड़ता है। विभिन्न आसनों और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से अद्भुत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए जा सकते है। इस मौके पर नायब तहसीलदार विपिन कुमार चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय आनंद राय मुन्ना, श्री नारायण राय प्रदीप सिंह अमित अग्रवाल, मनीष जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, कोहराम

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरहा तेतरा निवासी संतोष वर्मा 48 वर्ष जो रविवार के सुबह लगभग 7 बजे के आस-पास अपने घर में ही काम कर रहे थे। कि बिजली के तार के चपेट में आने के कारण मौत हो गई। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा उभांव पुलिस के सुचना दिया गया। बिजली के चपेट में आने से मौत कि सुचना मिलते ही उभांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि मृतक संतोष वर्मा के पत्नी का कुछ वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी है और दो लड़का व एक लड़की बताये जा रहें हैं। बड़े लड़का राहुल कुमार वर्मा 18 वर्ष, रोहित कुमार वर्मा, 15 वर्ष लड़की नेहालिका वर्मा के माता-पिता का उठा छाया किसके सहारे रहेंगे।

# मोटरसायकिल सवार दो युवक की मौत

**सिकन्दरपुर, (बलिया)।** बिल्थरारोड मार्ग पर स्थित मिर्जापुर गांव के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पा कर पहुंची पुलिस ने दोनों शव कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के करमौता गांव निवासी धर्मेंद्र यादव(20)पुत्र हीरालाल यादव अपने बुआ के लड़के सोनू यादव(18)पुत्र शिवजी यादव निवासी बड़की बारी, थाना मनियर के साथ शनिवार की रात में करीब 11 बजे बाइक द्वारा सिकन्दरपुर से करमौता लौट रहे थे। वे लोग जैसे ही मिर्जापुर गांव के पास पहुंचे कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए । दुर्घटना होते ही चालक जहां वाहन ले कर फरार हो गया।वहीं आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच दोनों को इलाज हेतु तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद धर्मेंद्र यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देख कर सोनू यादव को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन सोनू को इलाज के लिए बलिया की बजाय बेहतर इलाज हेतु मऊ ले जा रहे थे किन्तु रास्ते में रतनपुरा के समीप उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है।

दोनों करमौता में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हुए थे।

## अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल व क्षेत्राधिकारी रसड़ा रजनीश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक दिनेश पाठक के कुशल नेतृत्व मे थाना उभांव पुलिस टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.जून को आवेदक अर्जुन कुमार पुत्र हरिशंकर मौर्या निवासी चंदायर कला थाना उभांव जनपद बलिया द्वारा दिये गये प्रा0पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 135/26 धारा 87,137(2),352,351(3) बीएनएस बनाम सुन्दरम शर्मा पुत्र स्व0 शिवकुमार शर्मा निवासी भागलपुर थाना मईल जनपद देवरिया के पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 सूर्य प्रकाश दूबे द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान पीड़िता ङ्ग की बरादमगी हुई थी। पीड़िता के बयान अतर्गत धारा 180/183 बीएनएसएस व साक्ष्य संकलन से धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी।



# भांवरकोल ब्लाक मुख्यालय पर योग शिविर का आयोजन

**भांवरकोल (गाजीपुर)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का मुख्य कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय स्थित विधायक स्वर्गीय कृष्णानंद राय स्मृति सभागार में आयोजित किया गया।

इसके अलावा शेरपुर, वीरपुर, सुखडेहरा, मसोन सहित अन्य ग्राम पंचायतों तथा मार्टिन्स चिल्ड्रेन एकेडमी, आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल अवथहीं सहित कुछ विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक पारसनाथ यादव व भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना के अलावा खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद, एडीओपं0 अजय मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह, लाल बहादुर कनौजिया, राज किशोर राय, सूर्यभानु कुमार राय, बृजेश कुमार,सोमनाथ शुक्ल, कश्यप राय, अंबिका राम, रत्नाकर दुबे, आलिम हुसैन सहित अन्य शिक्षक कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया।

## मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है योग : ओमप्रकाश

**गाजीपुर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद गाजीपुर का मुख्य समारोह पुलिस लाईन प्रेड ग्राउण्ड, में उत्साह, अनुशासन एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के जवान एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उ0प्र0 सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी रहे। विशिष्ट अतिथियों में मा0 विधायक जखनियां वेदी राम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ओमप्रकाश राय, जिला अध्यक्ष सुभासपा सुरेन्द्र राजभर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोलकता में आयोजित मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के योगाभ्यास कार्यक्रम एवं झांसी में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का एल0ई0डी0 के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाकर योग दिवस व योग के महत्व के सम्बंध में बताए गए उद्बोधन को सुनाया व दिखाया गया।

कार्यक्रम का कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, विधायक वेदी राम, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा द्वारा धन्वतरि के चित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने 12वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि आज गाजीपुर ही नही बल्कि पूरे देश में योग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा झांसी एवं प्रधानमंत्री द्वारा कोलकता में योग्याभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योग कर रहें है।

उन्होने कहा कि योग को जिसने भी अपनी दिनचर्या में शामिल किया है उसने अपने शरीर से रोग को मुक्त रखा है। कहा कि जिस प्रकार बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संविधान बनाकर एक यूनिटी बनायी उसी प्रकार मा0 प्रधानमंत्री जी ने आज 21 जून को योग दिवस के माध्यम से ऐसी एकता दिखाई की पूरे देश में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर ब्लाक स्तर एवं जिला स्तर सभी जगहों पर योग दिवस मनाया जा रहा है। आज 140 करोड़ के अबादी को देश के प्रधानमंत्री जी ने एक सूत्र में बाधकर देश को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने का जो सपना दिया है उस सपने को साकार करने के लिए आज हम और आप मिलकर जो सहयोग कर रहें है वो बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है।

नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, बल्कि मानसिक तनाव में कमी, सकारात्मक सोच तथा आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। आज विश्व के करोड़ों लोग भारतीय ऋषि परंपरा की इस अमूल्य धरोहर को अपनाकर स्वस्थ एवं सुखी जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम योग के प्रति बढ़ती जागरूकता एवं जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण रहा तथा स्वस्थ, नशामुक्त एवं संस्कारित समाज निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ है जिसके लिए जिलाधिकारी, व सभी आयोजक बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने जो थीम रखी है स्वथ्य बुर्जगियत/हेल्दी ऐजिंग जैसे-जैस उम्र बढ़ती जा रही है वैसे हम अपने कैसे स्वस्थ्य रखे यह हमारे सामने बड़ी चुनौती है।

## अपहरण, दुष्कर्म से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम जुर्म जरायम व गिरफ्तारी, तलाश वांछित अभियुक्त हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सतीश शर्मा व थानाध्यक्ष सुखपुरा रत्नेश कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में थाना सुखपुरा पुलिस टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि रविवार को थाना सुखपुरा पुलिस टीम के उ0नि0 आदर्श श्रीवास्तव मय हमराह के मु0अ0सं0 131/2026 धारा 137(2),87,64(2)m BNS व धारा 5/6 पाक्सों एक्ट की विवेचना तलाश वांछित अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त प्रदीप राजभर पुत्र छद्दू राजभर ग्राम करनई (रजवाड़) थाना सुखपुरा जनपद बलिया उम्र करीब 19 वर्ष को हरिपुर नहर पुलिया के पास से समय लगभग 14.55 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

## योग करना स्वस्थ जीवन का अमूल्य मन्त्र : डॉ. जनक कुशवाहा



**गाजीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बाबा टेनी मौर्य इंटर कॉलेज हनुमान नगर सरैया के प्रांगण में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई शुभकामनाएं दिया तथा योग करते हुए कहा कि अपने जीवन में योग करना एक महत्वपूर्ण साधना है योग करना स्वस्थ जीवन का मूल्य मंत्र है योग से ही शारीरिक मानसिक और आध्यत्मिक विकास संभव हैं योग हमारे शरीर रूपी संरचना के कल-पुर्जो को एक्टिव कर शरीर में फुर्ति का संचार करता है जिसके माध्यम से रक्त संचार के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत होने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है नियमित योग करने से हमारा शरीर लचीला और सुदृण बनता है तथा रोग की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है जीवन को चिंता और तनाव से राहत मिलती है। योग का अभ्यास शांत वातावरण और प्रातः कालीन के साथ-साथ खाली पेट करने से सार्थक जीवन जीने में सहायता मिलती है दुनिया में आज जिस तरह से बच्चों के लिए डिजिटल नशा खतरनाक साबित हो रही है उससे छुटकारा पाने में योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसके लिए आओ हम सब मिलकर योग करके संसार के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ जीवन की रूपरेखा का आधार खींचे। इसमें मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुशवाहा देवेंद्र सिंह सूर्यकांत यादव राजेश यादव राजेश उपाध्याय सहित तमाम लोगों योग कार्यक्रम में भाग लिया।

# मोहर्रम पर निकला चौथी का गोल, मर्सिया और पारंपरिक करतबों ने बांधा समां

**सिकन्दरपुर, बलिया।** मनाये जा रहे मोहर्रम के दस दिवसीय त्यौहार के तहत शनिवार की रात में नगर के मोहल्ला गन्धी से चौथी का गोल निकाला गया, जिसमें सैकड़ों शामिल हुए। गोल में अन्य मोहल्लों की भी सहभागिता रही। मोहल्ला के मोहर्रम कमेटी के सदर नजरुलबारी उर्फ बब्लू मास्टर के नेतृत्व में इमाम चौक से रात करीब 11 बजे निकला गोल भीखपुरा आदि मोहल्लों के परम्परागत मार्गों से गुजरते हुए मध्य रात में मोहल्ला बढ़ा स्थित दरगाह के मैदान में पहुंचा।

भ्रमण के दौरान जहां जुलूस में शामिल नातखां की अलग अलग टोलियों के युवा मर्सिया पढ़ते चल रहे थे वहीं गोल को जगह जगह रोका गया जिसमें शामिल पारंगतों द्वारा लाठी गदक्का आदि के तरह तरह के करतब दिखा कर भरपूर वाहवाही लूटने के साथ ही भीड़ का मनोरंजन किया। दरगाह के मैदान में कुछ समय तक रूकने के बाद जुलूस वहाँ से प्रस्थान कर देर रात पुनः अपने पूर्व स्थान पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जलूस में सैयद डॉ मिन्हाजुद्दीन अजमली, जफर अजमली, कारी फिरोज, संजय जायसवाल, गनेश प्रसाद सोनी, डॉ उमेश चन्द, खुर्शीद नेता, फैजी अंसारी, एडवोकेट जितेश कुमार वर्मा, राकेश यादव, राकेश सिंह नौशाद आदि शामिल रहे। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही उपजिलाधिकारी श्रीकांत राजवंशी, क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी मूलचन्द चौरसिया, चौकी गिरिजेश सिंह शुरू से अंत तक जुलूस के साथ लगे रहे।

## कौशल किशोर राय का बिहार पीसीएस में चयन होने से हर्ष



**मुहम्मदाबाद।** क्षेत्र के बैजलपुर के निवासी एवं अमेठी जनपद में एडीओ आईएसबी संजय राय के पुत्र कौशल किशोर का चयन बिहार पीसीएस परीक्षा में चयन होने पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। कौशल किशोर भारतीय पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान के टॉपर रहे हैं उन्होंने उच्च शिक्षा भारतीय पेट्रोलियम पदों की संस्थान देहरादून से प्राप्त की है ।बिहार पीसीएस परीक्षा का परिणाम शनिवार को आते ही उसे उनके पूरे परिवार में खुशी का माहौल कायम हो। कौशल किशोर ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान काशी विश्वनाथ के अलावाअपने दादा शिक्षक संत समाज सेवी स्वर्गीय हरिद्वार राय एवं माता-पिता को दिया है उन्होंने कहा कि युवाओं का यह दायित्व है कि ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी बनकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में तथा समाज को आगे ले जाने में अपना योगदान दें। कौशल किशोर के बिहार पीसीएस परीक्षा में चयनित होने पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश राय वार्षिक भाजपा नेता वीरेंद्र राय जिला शासकीय अधिवक्ता कृपा शंकर राय श्री राम राय कमलेश दयाशंकर राय आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## 2 अंतरराज्यीय बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक को लगी गोली

**आजमगढ़।** देवगांव थाना की पुलिस ने गहने साफ करने का झांसा देकर आभूषण हड़पने वाले दो अंतरराज्यीय बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, वहीं भाग रहे दूसरे बदमाश को पुलिस ने दौड़ा कर दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान चाहत कुमार और मुन्ना शाह दोनों निवासी समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए आभूषण सहित, 315 बोर का कट्टा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है। सीओ लालगंज भूपेश पांडेय ने बताया कि 16 जून को कंजहित गांव निवासी जयनारायण दुबे ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी पत्नी मनोरमा दुबे को दो अज्ञात व्यक्तियों ने गहने साफ करने का झांसा दिया। इस दौरान उनके सोने के आभूषण ले लिए और विरोध करने पर असलहा दिखाकर भयभीत करते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के क्रम में पुलिस को दोनों आरोपितों का नाम प्रकाश में आया।

# जीएसटी बिलिंग से 4.08 करोड़ की कर चोरी

## फर्जी दस्तावेज का लेते थे सहारा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** सिधारी थाना की पुलिस ने फर्जी फर्मों के माध्यम से जीएसटी बिल और ई-वे बिल बनाकर करीब 4.08 करोड़ रुपये की कर चोरी करने वाले गिरोह का राजफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आनंद गुप्ता, निवासी जयचंदपुर, थाना रामसनेही घाट, बाराबंकी, विनय गुप्ता, निवासी देवीगंज चौराहा, थाना असंदरा, बाराबंकी और मोहम्मद कैफ, निवासी अटरिया, थाना भोजपुर, मुरादाबाद के रूप में हुई है।

सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि गिरोह आधार कार्ड, पैन कार्ड और ओटीपी का दुरुपयोग कर बोगस फर्मों का पंजीकरण कराता था और फर्जी लेनदेन दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) का अवैध लाभ दिलाता था। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई 2025 को थाना सिधारी में मुकदमा दर्ज हुआ था। शिकायत में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराकर फर्जी जीएसटी बिल और ई-वे बिल तैयार किए जाने तथा सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।

**फर्जी दस्तावेजों के सहारे खड़ी की जाती थीं फर्में :** पुलिस को जांच में पता चला कि गिरोह के सदस्य विभिन्न लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और ओटीपी प्राप्त कर फर्जी किरायानामा तैयार करते थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्मों का पंजीकरण कराया जाता था। बाद में इन फर्मों के जरिए फर्जी खरीद-बिक्री दर्शाकर जीएसटी बिल और ई-वे बिल तैयार किए जाते थे। इससे वास्तविक कारोबारी संस्थानों को अवैध रूप से आइटीसी का लाभ मिलता था और सरकार को भारी राजस्व हानि उठानी पड़ती थी।

तीनों आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उसके नाम पर फर्म पंजीकृत कराई गई थी, जिसके बदले उसे पांच हजार रुपये दिए गए थे। दूसरे आरोपित ने स्वीकार किया कि वह लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और ओटीपी उपलब्ध कराता था, जिसके एवज में उसे प्रति व्यक्ति लगभग आठ हजार रुपये मिलते थे। तीसरे आरोपित ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी फर्मों का पंजीकरण, फर्जी जीएसटी बिल और ई-वे बिल तैयार करने तथा फर्जी खरीद-बिक्री दिखाकर वास्तविक फर्मों को आईटीसी का अवैध लाभ दिलाने का काम करता था। इस अवैध कारोबार से होने वाली कमाई गिरोह के सदस्य आपस में बांट लेते थे। गिरफ्तार आरोपितों को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# बलिया में सामूहिक योगाभ्यास, मंत्री से लेकर आमजन हुए शामिल

## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में गूंजा योग का संदेश, बच्चों को किया सम्मानित



**बलिया।** जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में 130 से अधिक देशों के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसकी परंपरा आदियोगी भगवान शिव के समय से चली आ रही है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन, स्मरण शक्ति और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में योग ने लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योग के माध्यम से लोगों ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई और महामारी से मुकाबला करने में सहायता प्राप्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और भारत की सांस्कृतिक सभ्यता एवं परंपराओं को विश्व स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों द्वारा लेखन, रंगोली एवं योगाभ्यास प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 विद्यार्थियों को परिवहन मंत्री ने प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, नोडल अधिकारी सहायक सिंह, क्षेत्रीय आर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सहित जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी


पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC
& Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2026-27
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name
Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

# US-Iran समझौते के लिए स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत



**बर्न।** अमेरिका और ईरान के बीच दो महीने के लिए युद्ध समझौता हो चुका है। लेकिन इस युद्ध को हमेशा के लिए रोकने के लिए अभी अमेरिका और ईरान के बीच फाइनल बातचीत होनी बाकी है। मिडिल ईस्ट में चले युद्ध का हल निकालने के लिए अमेरिका और ईरान के नेता स्विट्जरलैंड पहुंच गए हैं। जेनेवा में दोनों देशों के नेताओं के बीच सीजफायर को लेकर आगे की बातचीत हुई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ने आज रविवार, 21 जून को स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक रिजॉर्ट में पाकिस्तानी मध्यस्थ टीम के साथ बैठक की। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से हाथ मिलाते देखा गया।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि तेहरान की वार्ता टीम में संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालीबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अरागची के साथ-साथ ईरान के केंद्रीय बैंक और तेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं। हालांकि तकनीकी स्तर की बातचीत मूल रूप से शुक्रवार को शुरू होनी थी, लेकिन इसमें अचानक देरी हुई। इसका मुख्य कारण इजरायल और लेबनान के बीच हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना थी, जिससे राजनयिक समय-सीमा के पटरी से उतरने का खतरा पैदा हो गया था।

# वैभव सूर्यवंशी के तूफान में उड़ा श्रीलंका



**नई दिल्ली।** श्रीलंका में खेली गई ट्राई सीरीज में वैभव सूर्यवंशी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पा रहे थे। हालांकि, उन्होंने सीरीज की कसर फाइनल मैच में पूरी कर दी। श्रीलंका ए टीम के खिलाफ निर्णायक मैच में वैभव ने पहले तो 11 गेंदों पर सबसे तेज फिफ्टी लगाई। हालांकि, वह शतक लगाने से चूक गए। वैभव (94) की इस तूफानी शुरुआत के चलते इंडिया ए टीम ने ट्राई सीरीज के फाइनल में 9 विकेट खोकर 377 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ए टीम 47.1 ओवर में 311 रन ही बना सकी। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल मैच 66 रन से जीता।

रंगिरी दांबुला अस्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य ने दमदार शुरुआत दी। वैभव ड्रेसिंग रूम से ही सेट होकर आए थे, ऐसे में उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों को आड़े हाथों लेना शुरू किया। दूसरे छोर से आर्य अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और वैभव को स्ट्राइक दे रहे थे। देखते ही देखते वैभव ने 11 गेंदों पर फिफ्टी ठोक दी। लिस्ट ए क्रिकेट में यह सबसे तेज अर्धशतक है। हालांकि, वैभव यहीं नहीं रुके और उन्होंने गेंद पर प्रहार जारी रखा। शतक की दहलीज पर पहुंचकर वह कैच आउट हुए। 15 साल के इस बल्लेबाज ने 29 गेंदों पर 94 रन की पारी खेली। इस दौरान युवा बल्लेबाज ने 10 चौके और 8 छक्के भी लगाए। वैभव का साथ देने आए आर्य ने 29 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। उपकप्तान रुतुराज गायकवाड़ (40) फिफ्टी से चूक गए तो कप्तान तिलक वर्मा ने अर्धशतक लगाया। तिलक ने 90 गेंदों पर 67 रन बनाए। अंत में कुमार कुशाग्र ने 36, अनुकूल रॉय ने 39 और विपराज निगम ने 27 रनों का योगदान देकर भारत का स्कोर 350 के पार पहुंचा दिया। श्रीलंका की ओर से कुगाथास मथुलन, रविंदु फर्नांडो और वानुजा सहान ने 2-2 विकेट चटकाए।

377 रन चेज करने उतरी श्रीलंका ए टीम को यश ठाकुर ने पहले 3 झटके दिए। उन्होंने अविष्का फर्नांडो (3), निरोशन डिकवेला (25) और नुवानिदु फर्नांडो (21) का विकेट चटकाया। इसके बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराचिगे ने चौथे विकेट लिए 53 रन जोड़े। सीरीज में पहली बार खेल रहे अशोक शर्मा ने इस साझेदारी को तोड़ा। अशोक ने सदीरा (52) को कुमार कुशाग्र के हाथों कैच आउट कराया। रविन्दु फर्नांडो (19) सस्ते में आउट हुए। इस बीच भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया। तिलक को सफलता भी मिली। उन्होंने श्रीलंका ए के कप्तान सहान अराचिगे (38) को यश ठाकुर के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद विजयकांत व्यासकांत ने 39, वानुजा साहन ने 62, दुलज समुदिथा ने 15 और मोहम्मद शिराज ने 21 रन बनाए।

भारत ए की ओर से यश ठाकुर और विपराज निगम ने 3-3 विकेट चटकाए। अनुकूल रॉय ने 2 शिकार किए।

St. MARRY CONVENT SCHOOL
Purani Bazar, Jaunpur (U.P.)
ADMISSION OPEN
Nursery to 9th
CBSE Curriculum
9598785972, 9140858396, 6394305556

अब नये पते पर...
बलुआघाट, रिवर व्यू होटल के सामने, नारायण नर्सिंग होम के पास, जौनपुर
चन्द्रा ई.एन.टी. क्लीनिक
हियरिंग एण्ड स्पीच सेन्टर
निम्न लक्षणों के लिए सम्पर्क करें
नाक बन्द होना, चक्कर आना
मुँह में छाले पड़ना एवं दर्द होना
कान बहना टान्सिल की शिकायत
लगातार छींक आना, कान में सिटी बजना
घेगा (थायराइड) की तकलीफ
लार ग्रन्थि का सूजन होना (पैराटिक)
सुविधाएं
नाक, कान, गला, मुख रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा।
कान के सुनने की जाँच (Audiometry) एवं कान की मशीन (Hearing-aid) स्पीच थेरेपी
एलर्जी की जाँच उपलब्ध
डा0 राजेश कुमार
M.B.B.S., MS (E.N.T.), (M.L.N.M.C.-Allahabad)
नाक, कान, गला एवं मुख रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
भूतपूर्व वरिष्ठ ई.एन.टी सर्जन जिला चिकित्सालय (सदर), जौनपुर
TIME - 10 a.m. to 6 p.m.
CMO Office Reg. No. JNP/AL/2017-18/462
9161691924
7068156705

अशोक हॉस्पिटल
ASHOK HOSPITAL
आरोग्यम् धनसंपदा
आपका स्वास्थ्य, हमारा उद्देश्य
उपलब्ध विभाग: यूरोलॉजी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, सर्जरी विभाग, नाक इनवेसिव हृदय रोग विभाग, मेडिसिन विभाग, कैंसर रोग विभाग, हड्डी एवं नस रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग, नवजात शिशु बाल रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं: इमरजेंसी, आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू., एच.डी.यू., कीमोथेरेपी, डायलिसिस, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी 24/7, एम्बुलेंस 24/7
प्रमुख शल्य क्रिया एवं निदान: गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्ट्रेक्टॉमी), सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन), ओवरी सिस्ट सर्जरी, अपेंडिक्स की सर्जरी, हार्निया की सर्जरी, आंतों की सर्जरी, ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी, बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी, हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फ्रैक्चर सर्जरी), किडनी स्टोन सर्जरी, पेशाब की नली की सर्जरी, मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी, कान के पर्दे का आपरेशन, टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी), सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड का इलाज
अस्पताल में सेवाएं देने वाले डाक्टरों का नाम
डॉ. वी. के. दुबे (फिजीशियन), डॉ. हिमांशु (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. ए. पी. यादव (ई.एन.टी.)
डॉ. आशीष सिंघानिया (आर्थो), डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. अरुण (सर्जन), डॉ. आर. के. सिंह (आर्थो)
डॉ. भव्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. श्वेता (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. तान्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अवनीश बिंद (एमडी मेडिसिन), डॉ. शोएब (पीडियाट्रिक्स), डॉ. एस. के. पाण्डेय (एमडी मेडिसिन)
फरीदपुर (शंकरगंज), महरूपुर, जौनपुर (उ.प्र.) - 222180
Mob.: 7565955001, 7565955002

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.( Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M.
सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं
योग्यता: 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया: मेरिट के आधार पर
आयु सीमा: 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

दिव्यांशी डेन्टल हास्पिटल
लाला बाजार, सिकरारा रोड, जौनपुर
उचित उपचार हेतु "Divyanshi Dental Hospital" के अनुभवी डेंटिस्ट से ही परामर्श लें।
डा. दिनेश कन्नौजिया B.D.S., D. Pharma
9721771686

प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक
ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता
फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल
सीमित सीट
आधुनिक वर्कशाप * अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

रेडियन्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा0 लि0
EMERGENCY SERVICES 24/7
Facilities: Advanced Laparoscopic Surgery, ICU & Critical Care, Chest, TB & Sleep Medicine, Accidental & Trauma Surgery, Normal & Assisted Delivery, Cesarean Delivery, NICU & PICU, Joint Replacement & Spine Surgery, All Surgical Facilities.
मछलीशहर पड़ाव, ईदगाह, जौनपुर
Telephone : 05452- 326046
Mob.: 9196021998

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2026-27
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS
BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

| CATEGORY | PERCENTILE | MARKS |
|---|---|---|
| GEN/EWS | 50%ile | 164 |
| OBC | 40%ile | 129 |
| SC | 40%ile | 129 |
| ST | 40%ile | 129 |

9415273329, 9889377675, 1390691111
drshakuntalaayush.in
drshamch2023@gmail.com

मानसिक, नस, मिर्गी, सिरदर्द नशा एवं यौन (सेक्स) रोग विशेषज्ञ
डा. उत्तम कुमार गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी. ( न्यूरो साइकियाट्रिस्ट )
Ex. Ass. Professor-UCMS
परामर्श का दिन एवं समय
प्रत्येक दिन-प्रातः 9 बजे से सायं 8 बजे तक
रविवार- प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक
भदोही का पता- मनोरोग सेन्टर, चौरी रोड ब्लाक के सामने भदोही (प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
निम्नलिखित बिमारियों का सफल इलाज-
सिरदर्द, अधकपारी (Migrain), मिर्गी (Epilepsy) झटका एवं बेहोशी
घबराहट, बेचैनी, चिंता (Anxiety)
मन दुखी, उदास रहना, आत्महत्या का विचार आना (Depression)
चिड़चिड़ापन, गुस्सा, ज्यादा बोलना, बिना बात खुश रहना (Mania)
शक करना, डर लगना, अजीब व्यवहार करना (Schizophenia)
मन में एक ही बात बार-बार आना, एक ही काम को बार-बार करना (OCD)
नींद की समस्या (Insomnia), नस Neuro) से सम्बन्धित रोगों का इलाज
याददाश्त कमजोरी होना (Demetia)
शराब या अन्य किसी प्रकार का नशा (Addiction)
वैवाहिक एवं सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
बच्चों में व्यवहार की समस्या (ADHD Conduct disorder etc)
24 HOUR EMERGENCY SERVICE
मरीज भर्ती की सुविधा
काउंसलिंग साइकोथिरेपी EEG की सुविधा
मंगल क्लीनिक
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर मो0- 9196128735, 9307913300

College Code 1693
U.P.State Medical Faculy Approved
College Code 1137
लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2026-27
आरा राजपत नगर, जौनपुर
Mob. : 9236627158
कुतूपुर, जौनपुर
A.N.M. 10+2(Art/Bio) | G.N.M. 10+2 (Bio)
College Code 2220736
BSc.Nursing 10+2 (Bio)
SC/ST केवल स्कॉलरशीप
O.T.T. | D.P.T. | D.Optometry | D.X-Ray | D.M.L.T.
10+2 (Bio/Math) For All Courses